भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 342 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 28 दिसम्बर 2021 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।



क्रियायोग हं क्षं परमात्म अनुभूति का सर्वोच्च मार्ग

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## 15-18 साल के बच्चों को दी जाएगी केवल कोवैक्सि की खुराक

**नई दिल्ली।** देश में कोविड-19 के खिलाफ टीकाकरण कार्यक्रम का विस्तार हो रहा है और अब 15 से 18 साल के बच्चों को भी कोरोना वैक्सीन दी जाएगी। इसको लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को पंजीकरण और टीकाकरण अभियान पर दिशानिर्देशों जारी किए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से सोमवार को जारी नई गाइडलाइंस के मुताबिक, 3 जनवरी से शुरू होने वाले 15-18 साल के किशोरों को टीकाकरण के लिए 2007 या उससे पहले का जन्म लिया होना अनिवार्य है। नए दिशानिर्देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र के नाम एक टेलीविजन संबोधन में, टीकाकरण अभियान के विस्तार के लिए सरकार के कदम की घोषणा के दो दिन बाद आए हैं। कई राज्यों में कोविड-19 मामले बढ़ रहे हैं, इसके अलावा वायरस के अत्यधिक संक्रामक ओमिक्रॉन वैरिएंट का तेजी से प्रसार हुआ है। वैक्सीन लेने के लिए पात्र 15 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए, वैक्सीन का विकल्प 'केवल कोवैक्सीनहोगा क्योंकि यह भारत में स्वीकृत एकमात्र वैक्सीन है ।

# ओमिक्रॉन के बाद भी यूपी समेत 5 राज्यों में नहीं टलेंगे चुनाव?

## आयोग का केंद्र को निर्देश- वैक्सीनेशन करें तेज




**नईदिल्ली।** चुनाव आयोग और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों की सोमवार को मुलाकात हुई। इस दौरान हेल्थ मिनिस्ट्री ने यूपी, पंजाब, उत्तराखंड समेत 5 चुनावी राज्यों में वैक्सीनेशन की स्थिति के बारे में आयोग को जानकारी दी। मीटिंग के बाद आयोग ने केंद्र सरकार से कहा कि वह चुनावी राज्यों में टीकाकरण तेज करे ताकि इलेक्शन तक ज्यादा से ज्यादा लोगों को कोरोना टीका लग चुका हो। आयोग के इस आदेश से माना जा रहा है कि यूपी समेत पांचों राज्यों में विधानसभा के चुनाव नहीं टाले जाएंगे। हालांकि चुनाव आयोग और स्वास्थ्य मंत्रालय के बीच जनवरी के पहले सप्ताह में एक बार फिर से बैठक होगी। इस मीटिंग में चुनावों को टालने या कराए जाने पर अंतिम फैसला हो सकता है।

यूपी, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में 2022 के शुरूआती महीनों में विधानसभा चुनाव होना है। लेकिन कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता जताई जा रही है। पिछले दिनों इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भी पीएम नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग से अपील की थी कि ओमिक्रॉन के खतरे को देखते हुए चुनावों को टाल दिया जाए। उसके बाद आयोग ने कहा था कि हम अगले सप्ताह इस बारे में फैसला लेंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय से मीटिंग के बाद चुनाव आयोग ने कोई जानकारी नहीं दी है, लेकिन माना जा रहा है कि इलेक्शन तय समय पर हो सकते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अजय भल्ला ने चुनाव आयोग को बताया कि किस राज्य में कितना टीकाकरण हुआ है। उत्तराखंड और गोवा में करीब 100 फीसदी वयस्कों को कोरोना वैक्सीन की पहली डोज लगने वाली है। इसके अलावा यूपी में 85 फीसदी लोगों को कोरोना वैक्सीन की पहली डोज लग चुकी है। पंजाब और मणिपुर में यह दर 80 फीसदी है। चुनाव आयोग ने हेल्थ मिनिस्ट्री से कहा है कि जिन राज्यों में वैक्सीनेशन कम है, वहां गति में इजाफा किया जाए। आयोग के इस आदेश से संकेत मिले हैं कि ओमिक्रॉन के चलते ये चुनाव टाले नहीं जाएंगे, यह तय समय पर ही होंगे। सूत्रों के मुताबिक, चुनाव आयोग अपने शेड्यूल पर टिका रहना चाहता है। आयोग ने चुनावी राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, पंजाब और मणिपुर के स्वास्थ्य सचिवों के साथ ओमिक्रॉन के बढ़ते मामलों पर चर्चा की है। इन राज्यों में वैक्सीन कवरेज और ओमिक्रॉन केसेज का आंकड़ा भी मांगा है। हालांकि कहा जा रहा है कि चुनाव आयोग कुछ सख्त कदम उठा सकता है। चुनाव के पहले राज्यों के हालात को समझ कर इसका फैसला किया जाएगा। चुनाव को लेकर अधिसूचना जनवरी में जारी हो सकती है। दरअसल चुनाव न होने की स्थिति में यूपी समेत 5 राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाना होगा। यदि ऐसा होता है तो चुनाव की जो तैयारियां हो चुकी हैं, वह स्थगित हो जाएंगी। इसके बाद नए सिरे से पांचों राज्यों में चुनाव की तैयारियां करनी होंगी। चुनाव आयोग इस बार प्रचार और भीड़ प्रबंधन पर एहतियातन कड़े कदम उठा सकता है।

## अजीत डोभाल की टीम में शामिल हुए विक्रम मिसरी, सरकार ने बनाया डिप्टी एनएसए

**नई दिल्ली।** चीन के मुद्दे के एक्सपर्ट और बीजिंग में पूर्व भारतीय राजदूत विक्रम मिसरी को आज राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवायल में डिप्टी नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर नियुक्त किया गया है। 1989 बैच के आईएफएस अधिकारी मिश्री, पंकज सरन की स्थान लेंगे। पंकज सरन 31 दिसंबर 2021 को ऑफिस छोड़ देंगे। इससे पहले सरन रूस में भारत के राजदूत थे। प्रदीप कुमार रावत को चीन में भारत का नया राजदूत नियुक्त किए जाने के बाद विक्रम मिसरी एनएससीएस में शामिल कर लिया गया है। विक्रम मिसरी के बारे में आपको बता दें किय ये पूर्व में प्रधानमंत्री कार्यालय में काम कर चुके हैं और इंडो पैसिफिक में रणनीतिक माहौल से अच्छी तरह से परिचित है। डिप्टी एनएसए नियुक्त किए जाने के बाद वो अभ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को रिपोर्ट करेंगे। इसके अलावा दो और भी डिप्टी एनएसए हैं, जिसमें एक राजेंद्र खन्ना है और दूसरे दत्ता पंडसलगीर हैं। दिसंबर के शुरूआत में विक्रम मिसरी ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी से ऑनलाइन होने वाली विदाई मुलाकात में कई अहम बातें कही थी। मिसरी ने कहा था कि कुछ चुनौतियों के कारण द्विपक्षिय संबंधों में व्यापक अवसरों पर नकारात्म प्रभाव पड़ा है। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जताई कि लगातार बातचीत के जरिए दोनों पक्ष इन कठिनाइयों को हल करने में सक्षम होंगे। बता दें कि भारत और चीन के बीच पिछले कई महीने से सीमा गतिरोध चल रहा है। गतिरोध को खत्म करने के लिए कई कई राउंड सैन्य वार्ता भी हो चुकी है।



## कानपुर के इत्र कारोबारी पीयूष जैन को 14 दिन की जेल, अब तक 194 करोड़ कैश बरामद



**कानपुर।** कानपुर के इत्र कारोबारी पीयूष जैन के घरों से खजाना मिलने का सिलसिला सोमवार को भी जारी रहा। कानपुर की बरामदगी के बाद उनके कन्नौज के घरों से 17 करोड़ कैश, 23 किलो सोना और गैर-कानूनी तरीके से खरीदी गईं चंदन की छह क्विंटल लकड़ियां बरामद हुई हैं। चंदन की लकड़ियों की कीमत छह करोड़ रुपये बताई गई है। इस बीच, पीयूष जैन को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जीएसटी इंटेलिजेंस के डायरेक्टोरेट जनरल की ओर से जारी बयान के मुताबिक, पीयूष जैन के घरों से अब तक 194 करोड़ से ज्यादा कैश बरामद हुए हैं और अभी ऑपरेशन जारी। 23 और 24 दिसंबर को इनकम टैक्स, सीबीडीटी और सेंट्रल जीएसटी की टीमों ने पीयूष जैन के कानपुर के घर से 177.45 करोड़ रुपये कैश बरामद किया था। रविवार रात की गिरफ्तारी के बाद जीएसटी की टीम ने पीयूष जैन को सोमवार की शाम करीब चार बजे रिमांड मजिस्ट्रेट योगिता कुमार के न्यायालय में पेश किया। जीएसटी अधिकारी उसे जैसे ही कोर्ट के अंदर ले गए, दरवाजे बंद कर लिए गए और बाहर सुरक्षा कर्मियों को तैनात कर दिया गया। जीएसटी के विशेष अभियोजन अधिकारी अंबरीश टंडन ने कोर्ट में समस्त दस्तावेज पेश किए और आरोपित का जेल रिमांड मांगा।

इस पर बचाव पक्ष के अधिवक्ता सुधीर मालवीय की ओर से आपत्ति जताते हुए रिमांड निरस्त करने की अपील की गई। दोनों पक्षों की लंबी बहस सुनने के बाद रिमांड मजिस्ट्रेट ने विशेष अभियोजन अधिकारी की बात से सहमति जताते हुए पीयूष जैन को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# मदर टेरेसा की चैरिटी ने बैंक खाते फ्रीज होने से किया इनकार, बीजेपी बोली- बिना शर्त माफी मांगें ममता बनर्जी

**कोलकाता (एजेंसी)।** मिशनरीज ऑफ चैरिटी ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उसके किसी भी बैंक खाते को फ्रीज करने का आदेश नहीं दिया है। मिशनरीज ऑफ चैरिटी की ओर से ये बयान ऐसे समय में आा है जब सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया था कि केंद्रीय के बाद गृह मंत्रालय ने मदर टेरेसा की मिशनरीज ऑफ चैरिटी के सभी बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं। इसको लेकर मदर टेरेसा द्वारा स्थापित चैरिटी ने एक स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि उसका विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम (ऋछफअ) पंजीकरण ₹न तो निलंबित किया गया है और न ही रद्द किया गया है।₹ चैरिटी ने बयान में कहा, ह्लहम स्पष्ट करना चाहते हैं कि मिशनरीज ऑफ चैरिटी का एफसीआरए पंजीकरण न तो निलंबित किया गया है और न ही रद्द किया गया है। इसके अलावा गृह मंत्रालय ने हमारे किसी भी बैंक खाते पर रोक लगाने का आदेश नहीं दिया है। स्पष्टीकरण केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक बयान के बाद आया जिसमें उसने कहा कि एफसीआरए पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए आवेदन को एफसीआरए 2010 और विदेशी योगदान विनियमन नियम 2011 के तहत पात्रता शर्तों को पूरा नहीं करने के लिए 25 दिसंबर को अस्वीकार कर दिया गया था। गृह मंत्रालय बयान के अनुसार, मिशनरीज ऑफ चैरिटी से नवीनीकरण आवेदन को खारिज करने के फैसले की समीक्षा के लिए कोई अनुरोध नहीं मिला है। मिशनरीज ऑफ चैरिटी का पंजीकरण 31 अक्टूबर, 2021 तक वैध था। गृह मंत्रालय ने कहा कि वैधता को 31 दिसंबर, 2021 तक बढ़ाया गया था। मंत्रालय ने कहा, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एमओसी के किसी भी खाते को फ्रीज नहीं किया। भारतीय स्टेट बैंक ने सूचित किया है कि टङ्मउ ने स्वयं रइकको अपने खातों को फ्रीज करने का अनुरोध भेजा था।



इससे पहले, ममता बनर्जी ने दावा किया कि केंद्र द्वारा मिशनरीज ऑफ चैरिटी के सभी बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया था। ट्विटर पर दुख व्यक्त करते हुए तृणमूल नेता ने कहा कि केंद्र के कथित आदेश के बाद कोलकाता स्थित चैरिटी समूह के 22,000 मरीजों और कर्मचारियों को बिना भोजन और दवाओं के छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा, ₹भले कानून सर्वोपरि है, लेकिन मानवीय प्रयासों से समझौता नहीं किया जाना चाहिए।इस पूरे मामले पर भाजपा ने बंगाल सीएम ममता बनर्जी से माफी मांगने को कहा है। राज्य में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा, ₹हमारी सीएम ने अनैतिक रूप से सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया। मेरी मांग बिल्कुल स्पष्ट है, उनको देश से बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए। ममता बनर्जी की मंशा पूरी तरह से मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण है।

# तय करना होगा औरंगजेब का सम्मान होगा या महाराजा रणजीत सिंह का : योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि गुरुनानक देव से गुरु गोबिंद सिंह तक सिख गुरु परंपरा भक्ति से शक्ति तक की अद्भुत परंपरा है। यह सिख गुरुओं की दिव्य परंपरा ही थी, जिसने विदेशी आतताइयों की सनातन धर्म विरोधी मंशा को कभी सफल नहीं होने दिया। मुख्यमंत्री आवास पर सोमवार कोगुरु गोविंद सिंह के चार पुत्रों एवं माता गुजरी देवी की शहादत को समर्पित ह्यसाहिबजादा दिवसह्न का आयोजन किया गया था। इसी आयोजन में मुख्यमंत्री ने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि एक तरफ औरंगजेब श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का मंदिर तोड़ता है तो दूसरी तरफ महाराजा रणजीत सिंह विश्वनाथ मंदिर को स्वर्ण मंडित करते हैं। उन्होंने कहा कि अपने इतिहास को विस्मृत करके कोई भी अपने उज्जवल भविष्य को आगे नहीं बढ़ा सकता। इसीलिए हमें यह तय करना होगा कि हमें औरंगजेब का सम्मान करना है या महाराजा रणजीत सिंह जी का। इस विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री ने बलिदानी साहिबजादों के वेश में सज्जित बच्चों का अभिनन्दन भी किया तो संगत के साथ गुरुबानी भी सुनी। संगत को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने जब बाबर के हमले भारत में हो रहे थे, आतताइयों ने पूरे हिंदुस्तान को इस्लाम में बदलने और भारत को गुलाम बनाने की कोशिश की, लेकिन उनकी मंशा को सिख गुरुओं ने पूरा नहीं होने दिया। कश्मीर से कश्मीरी हिन्दुओं व कश्मीरी पंडितों को भगाने वाले कौन थे, यह सर्वविदित है। गुलाम देश में कश्मीरी पंडितों की रक्षा करने वाले गुरु तेग बहादुर जी महाराज थे।

दशम गुरु गोबिंद सिंह जी की वाणी ह्यसकल जगत में खालसा पंथ गाजे। जगे धर्म हिंदू सकल भंड भाजेका उद्घोष करते हुए मुख्यमंत्री ने गुरु गोबिंद सिंह के चारों पुत्रों की शहादत को नमन किया। उन्होंने कहा कि गुरु परंपरा के ऐसे कार्यक्रम सिर्फ गुरुद्वारे तक सीमित न रहकर हर हिन्दू घर में होने चाहिए। हर भारतीय के घर में होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में ऐतिहासिक महत्व के गुरुद्वारों के जीर्णोद्धार और गुरु परंपरा पर केंद्रित संग्रहालय की स्थापना के लिए प्रयास की भी बात कही। उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि जब मेरा पहला चुनाव था और मैं बहुत हताश और परेशान था, क्योंकि मैंने चुनाव में पैसा नहीं खर्च नहीं किया था और विपक्ष करोड़ों रुपये खर्च कर रहा था।

लेकिन चुनाव से पहले मैं गुरुद्वारे पहुंचा और माथा टेका, जिससे मुझे नई ऊर्जा मिली और चुनाव भी जीता। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने सिख गुरु परंपरा के प्रति गहरी श्रद्धा की चर्चा की तो प्रदेश सरकार में मंत्री बलदेव सिंह औलख ने मुख्यमंत्री आवास पर सिख परंपरा के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया।

## रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा सरपंचों के 15 लाख तक के भ्रष्टाचार को भ्रष्टाचार नहीं मानते

**भोपाल।** रीवा के सांसद जनार्दन मिश्रा ने सरपंचों को 15 लाख के भ्रष्टाचार को भ्रष्टाचार नहीं माना है। उनका कहना है कि सरपंच सात लाख तो चुनाव में लगाता है और सात लाख अगले चुनाव के लिए चाहिए और एक लाख महंगाई के चाहिए। रीवा में ब्रह्मकुमार आश्रम में मीडिया कायार्शाला में सांसद जनार्दन मिश्रा को आमंत्रित किया गया था। वहां उन्होंने अपने वक्तव्य में सरपंचों के भ्रष्टाचार पर उन्हें 15 लाख तक की छूट दे दी है। मिश्रा का तर्क है कि सरपंचों को चुनाव लड़ने के लिए सात लाख चाहिए होते हैं। इसके बाद अगले चुनाव के लिए उन्हें सात लाख चाहिए। इस बीच अगले चुनाव तक महंगाई बढ़ेगी तो उसके लिए एक लाख औ? चाहिए होंगे। इस तरह 15 लाख रुपए तक के भ्रष्टाचार पर उन्हें कुछ नहीं कहा जाना चाहिए। हालांकि उन्होंने इस बात को शुरू करने से पहले सांसद मिश्रा ने यह भी कहा कि वे यह सब मजाक में कह रहे हैं। सांसद मिश्रा ने पिछले महीने ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दाढ़ी को लेकर विवादित बयान दिया था।

## सर्दी के चलते 15 दिन बंद रहेंगे यूपी के प्राइमरी स्कूल, 31 दिसंबर से 14 जनवरी तक रहेगी छुट्टी



**लखनऊ।** यूपी के प्राइमरी व जूनियर स्कूलों में 31 दिसंबर से 14 जनवरी, 2022 तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। बेसिक शिक्षा विभाग के टाइम एंड मोशन स्टडी के आदेश के तहत पहली बार शीतकालीन अवकाश दिया जा रहा है। इससे पहले जिलाधिकारी के आदेशों के तहत विभिन्न जिलों में स्कूलों में छुट्टी की जाती रही हैं। यह आदेश कक्षा एक से आठ तक पर लागू होगा। ओमिक्रॉन के खतरे को देखते हुए स्कूल किसी भी छात्र को आने के लिए बाध्य नहीं कर सकेंगे। बच्चों को स्कूल भेजने के लिए पहले अभिभावकों से सहमति लेनी होगी। शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं के लिए मास्क पहनना अनिवार्य होगा। इसको लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने प्रमुख सचिव माध्यमिक शिक्षा के आदेश पर गाइडलाइन जारी की गई है। यूपी के सभी बोर्डों के स्कूलों पर यह गाइडलाइन लागू होगी। परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशकों व डीआईओएस को इसे सख्ती से लागू कराने के निर्देश दिए हैं। स्कूलों को विकल्प के तौर पर ऑनलाइन पढ़ाई की व्यवस्था करानी होगी। यदि स्कूल में किसी को भी जुकाम, बुखार आदि के लक्षण दिखते हैं तो उसे चिकित्सीय सलाह के साथ उनके घर पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कोई भी आयोजन तब ही किया जाए जब उसमें सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराया जा सकता हो।

यदि स्कूल में प्रार्थना सभा कराई जा रही है या किसी तरह की खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधि हो रही है तो ऐसे में कोविड प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन कराया जाए। शिक्षकों व कर्मचारियों का टीकाकरण भी अनिवार्य रूप से कराया जाए। स्कूलों को रोज सेनेटाइज करना होगा। प्रवेश करते समय शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं की थर्मल स्कैनिंग की जाए। हैंडवॉश और हाथों को सेनेटाइज कराने की व्यवस्था गेट पर ही की जाए। स्कूल की छुट्टी के समय सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराया जाए। विद्यालय के अंदर भी कम से कम छह फीट की दूरी का पालन कराया जाए। स्कूली वाहनों को भी रोज सेनेटाइज कराया जाए। बसों आदि के अंदर भी शारीरिक दूरी तय की जाए।

## खबर संक्षेप

### तीन दिन से कंधरपुर गाँव मे अंधेरा कायम ग्रामीणों में आक्रोश

**प्रतापपुर।** क्षेत्र के कंधरपुर गाँव मे बिजली विभाग की उदासीनता की वजह से ट्रांसफार्मर में आयी खराबी सही नही किया जा सका जिसकी वजह से ग्रामीणों को तीन दिन से अंधेरे में रात गुजारने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।जिससे ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति रोष बढ़ रहा है।ग्रमीणों ने चेतावनी देते हुए कहा अगर जल्द आपूर्ति बहाल नही हुई तो उन्हें आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।गाँव के सूर्या यादव, बाबा दूबे, आशीष शुक्ला, दीपक शुक्ला आदि ने बताया कि उक्त समस्या को एसडीओ-जेई सहित लाइनमैन को अवगत करा दिया गया है मगर अब तक समस्या का समाधान नही हो सका।

### प्रतिभा सम्मान समारोह एक जनवरी को

**जसरा।** विभिन्न सामाजिक कार्यो कों आयोजित कर प्रयागराज जनपद मे डा अनुवर्मा सबकी चहेती बनी हुई हैं। सोमवार कों भी जसरा क्षेत्र के विभिन्न गावों मे महिलाओ कों कंबल वितरित किया गया। इस दौरान डा अनु वर्मा ने जानकारी प्रदान करते हुए बोलीं कि मांडा क्षेत्र के इंद्रकली जूनियर हाईस्कूल, मांडा प्रयागराज मे एक जनवरी कों मतदाता दिवस, जल संरक्षण, बेटियों के उत्थान से सम्बंधित अनेकों सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होंगें। डा अस्मिता सिंह मुख्य अतिथि के रूप मे सम्बोधित करेंगी। इस अवसर पर विद्यालय मे भवन हेतु अनुदान, सोलर उपकरण के साथ मेधावी एवम जरूरतमंद छात्र एवम छात्राओं कों निःशुल्क कापी, बैग भी वितरित किया जाएगा।उक्त कार्यक्रम मे समरजीत सिंह, अंकिता सिंह, रोशनी समेत पांच बेटियों कों लैपटॉप भी वितरित किया जाएगा।

### अवैध बालू परिवहन कर रहे चार ट्रैक्टर सीज

**घूरपुर।** स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार की भोरअवैध बालू लादकर निकल रहे चार ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ लिया ।थाने ले आकर चालकों से बालू परिवहन करने का प्रपत्र मांगा गया तो नही दिखा पाए । पुलिस ने चारों ट्रैक्टरों को खनन की धारा में सीज करते हुए अन्य कार्रवाई के लिए खनन विभाग व परिवहन विभाग को कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेज दिया है।

# पोल से टकराकर नहर में गिरे बाइक सवार, दो की मौत, एक घायल

अखंड भारत संदेश




अस्पताल में रोते बिलखते परिजन तथा घायल राजा

**शंकरगढ़।** यमुनापार के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में सोमवार को दूसरे पहर हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया है। यह हादसा शंकरगढ़ के जोरवट गांव के समीप हुआ। बताया जाता है कि तीनों एक साथ मकान बनाने और पुताई का कार्य करते थे। पुलिस ने दोनों के शवों को चीरघर भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक शंकरगढ़ के चिकान टोला का रहने वाला राजा (18) पुत्र सुखराम मजदूरी करता है। जबकि चिकान टोला के ही शिव नरेश (23) राजगीर मिस्त्री और जोरवट का रहने वाला राधिका (30) पुत्र रामनाथ मकान में पेंटिंग का कार्य करता था। इन दिनों तीनों एक साथ कहीं पर काम कर रहे थे। सोमवार को तीनों ने एक साथ काम से छुट्टी ली और बाइक से घूमने निकल गए। बताया जाता है कि तकरीबन चार बजे एक साथ तीनों घर की तरफ लौट रहे थे। इसी दौरान शंकरगढ़ के जोरवट नहर के समीप तेज रफ्तार में रही बाइक विद्युत पोल से टकरा गई। जोरदार झटका लगने से तीनों नहर में जा गिरे। इस समय नहर चल रही है। जिससे तीनों पानी में डूब गए। हादसे के बाद आसपास खेतों में काम कर रहे कुछ लोगों ने पानी में दिखाई पड़ रहे राजा को बाहर निकाल लिया, लेकिन अन्य लोगों को नहीं निकाला जा सका।हादसे की सूचना मिलते ही एसओ बृजेश सिंह मयफोर्स और एंबुलेंस के साथ पहुंचे और सभी को पानी से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां राधिका और शिवनरेश को मृत घोषित कर दिया जबकि राजा का उपचार चल रहा है।

### 24 घंटे में तीन लोगों की हुई मौत

**शंकरगढ़।** इस हादसे की जानकारी होते ही रोते-बिलखते परिजन अस्पताल पहुंच गए। एसओ बृजेश सिंह ने बताया कि दोनों शवों को चीरघर भेज दिया गया है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।दूसरी तरफ रविवार की देर शाम हुई दुर्घटना में घायल यशपाल की इलाज के दौरान मौत हो गई। शंकरगढ़ में हुई दो सडक दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। दोनों हादसे बाइक से हुए और दोनों में एक बाइक पर तीन-तीन लोग सवार थे।



## उच्चको ने मदद करने के बहाने बदल दिया एटीएम कार्ड

**मेजा रोड।** मेजा थाना क्षेत्र में उच्चको का गिरोह पूरे तरीके सक्रिय हैं, जहां आये दिन उनके द्वारा घटना को अंजाम दिया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार शाम चार बजे यादवेन्द्र प्रताप सिंह पटेल निवासी पौसिया मेजारोड बाजार के पटेल नगर चौराहे के इंडिया वन एटीएम पर पैसा निकालने के लिए पहुंचा था। पैसा निकालने के दौरान उसका एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया और निकल नहीं पा रहा था, जहां पहले से ही मौजूद उच्चको ने मदद करने के बहाने कार्ड को बदल दिया। लेकिन पीड़ित को जानकारी नहीं हो पाई सोमवार सुबह पीड़ित बैंक आफ बड़ौदा की शाखा में पहुंच पैसा निकालने गया तो उसके एकाउंट से 11 हजार रूपए कटने की बात बताई गयी। पीड़ित ने बताया कि जो एटीएम कार्ड उचक्को ने बदला था उस पर संजय कुमार नाम अंकित है। मेजा रोड व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने कहा कि बाजार के एटीएम बूथों और भीड़ भाड़ इलाकों पर पुलिस की गतिविधि ठीक नहीं है जिसके चलते चोर उचक्के सक्रिय हैं।

## इफको रिक्रियेशन क्लब के उपाध्यक्ष बने कपिल देव डी०के शुक्ला को मिली सचिव की जिम्मेदारी

अखंड भारत संदेश

**इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया व जनसंपर्क अधिकारी संजय मिश्रा ने चुनाव में जीत हासिल करने वाले उम्मीदवारों को दी बधाई**



इफको रिक्रियेशन क्लब के चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारी

**फूलपुर।** फूलपुर के इफको घियानगर रिक्रिएशन क्लब की नई कार्यकारिणी का चुनाव सोमवार को सम्पन्न हुआ। चुनाव के बाद हुई मतगणना में उपाध्यक्ष पद पर कपिल देव व सचिव पद के लिए डीके शुक्ला निर्वाचित हुए।डी०के शुक्ला ने 321 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी बी०पी० सिंह( मुन्ना) को 149 मतों से करारी शिकस्त दी। वही उपाध्यक्ष पद के लिए लड़ रहे दो प्रत्याशियों में विरेन्द्र गिरी को 177 मतों से पराजित कर कपिल देव विजयी रहे। कपिल देव को जहां 381 मत प्राप्त हुए वहीं विरेन्द्र गिरी को 204 मतदाताओं का ही समर्थन मिला। संयुक्त सचिव पद के लिए कांटे की टक्कर रही। 294 मतो के साथ आर० आर० पात्रा ने जहां विजयश्री हासिल की वहीं दूसरे नम्बर पर रहे अनूप कुमार सिंह को 2 मतों से हार मिली। उन्हें 292 मत प्राप्त हुए। संयुक्त कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए अरूप मुखर्जी को 327 मत मिले वहीं दूसरे नम्बर पर रहे कृष्ण कुमार यादव को 136 मतों से ही संतोष करना पड़ा। क्लब सदस्य में डी.एच. प्रजापति, कमलेश कुमार पटेल एवं मानिक चन्द्र विजयी रहें। डी.एच. प्रजापति को 370,कमलेश कुमार पटेल को 262 व मानिक चन्द्र को 257 मत मिले। क्लब सदस्य में अन्य प्रत्याशी सन्त लाल यादव एवं हिमान्शु त्रिपाठी को 238 मत मिले। चुनाव अधिकारी ए०के श्रीवास्तव ने विजयी प्रत्यासियों की घोषणा करते हुए क्लब की नई कार्यकारिणी को शुभकामनाऐं दी। साथ ही चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं ईकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने भी सभी विजयी प्रत्यासियों को बधाई दी। बता दें कि क्लब का अध्यक्ष नामित किये जाने के कारण अध्यक्ष का चुनाव नही होता है।

# समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा कोरांव संगठन विस्तार

**सपा का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन कोरांव में आयोजित**

अखंड भारत संदेश




सपा अल्पसंख्यक सभा विधान सभा कोरांव का आयोजन

**कोरांव।** समाजवादी पार्टी की अल्पसंख्यक सभा का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा मो इस्राइल ने की। मुख्य अतिथि प्रयागराज महानगर अध्यक्ष सैय्यद इस्तखार हुसैन जी रहे। इस कार्यक्रम में नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया जिसमें समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव महबूब उस्मानी प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक सभा किताब अली व प्रदेश सचिव लोहिया वाहिनी शहादत अली सादिया मोहानी जी राष्ट्रीय सचिव महिला सभा का संभवित प्रत्याशी ओम सहाय द्वारा साल व सील्ड देखर सम्मनित किया।

संघठन विस्तार संबोधन करते हुए महानगर अध्यक्ष सैय्यद इस्तखार हुसैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश मे नफरत की राजनीति कर रही है उनका विकाश से कोई सरोकार नही है। उन्होंने कहा कि आज भारत भुखमरी की कगार पर आ खड़ा है जिसका जिम्मेदार सिर्फ भारतीय जनता पार्टी है। इनको गरीबो से कोई वास्ता नही। क्योंकि ये पूजी पतियों की सरकार है और हिन्दू मुस्लिम की नफरत फैलाना ही इनका काम है। सभा को संबोधन करते हुए मो इस्राइल जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा ने कहा कि समाजवादी पार्टी में ही अल्पसंख्यक समुदाय का सम्मान मिलता है। अल्पसंख्यक समुदाय पूरे तन मन से अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने की दशा व दिशा में कार्य कर रहा है ।और सभी अल्पसंख्यक सभा के पदाधिकारी समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने की दिशा व दशा में कार्य कर 2022 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनानें के लिए संकल्पित है।

सभा सम्बोधित करते हुए प्रदेश सचिव लोहिया वाहिनी शहादत अली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस तरह डरी और सहमी है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बढ़ते जनाधार और लोकप्रियता से तंग आकर रात में कर्फ्यू लगा दिया जिससे कि समाजवादी रथ यात्रा रात में कही भी कार्यक्रम न हो सके। इसी क्रम में बोलते हुए उन्होंने कहाँ की हम समाजवादी लोग डॉ राममनोहर लोहिया के मानने वाले लोग है हम मरेंगे नही पर मानेंगे भी नही। जब तक हम अखिलेश यादव को 2022 में मुख्यमंत्री नही बना लेते एक पल भी सुकून से नही बैठेंगे। कार्यक्रम का आयोजन विधानसभा अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा सफात अली ने किया और संचालन जिलामहासचिव अल्पसंख्यक मासूक अहमद व मो हारून ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महबुब उस्मानी राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक सभा सबिया मोहानी राष्ट्रीय सचिव महिला सभा प्रमोद मिस्त्र प्याशी मोईन हबीबी महानगर उपाध्यक्ष शरीक अफाक ओम प्रकाश कुशवाहा ओम सहाय संभावित प्रत्याशी कोरांव लाल जी पाल धनगर रामदेव निडर सोमदत्त पटेल जिलासचिव पवन सिंघाल मो इसराइल ब्लॉक अध्यक्ष नियाज अहमद नगर अध्यक्ष मेहताब खान राजेश पांडेय विवेक विक्रम जिलासचिव लोहिया वाहिनी व हजारों लोग उपस्थित रहे।

## जसरा में घर के बाहर खड़े ई-रिक्शा से बैटरी हुई चोरी

**जसरा।** जसरा रेलवे क्रॉसिंग के बगल एक लोहे की दुकान के बाहर खड़े ई रिक्शा से देर रात चोरों ने 2 बैटरी चोरी कर ली। पीड़ित ने घटना की लिखित तहरीर घूरपुर पुलिस को दी है। जसरा रेलवे क्रॉसिंग के बगल शुभम केशरवानी की लोहे की दुकान है तथा वे अपने निजी काम के लिए एक ई-रिक्शा ले रखा है। जिसको उनका एक कर्मचारी त्रिभुवन नाथ विश्वकर्मा चलाता है। प्रतिदिन की तरह रविवार की शाम को भी ई रिक्शा घर के बाहर खड़ी कर दिया। देर रात अज्ञात चोर ताला तोड़कर ई रिक्शा की बैटरी खोल कर उठा ले गए । जिसकी कीमत लगभग 15000 रुपए है। सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने सबसे पहले डायल 112 को सूचना दी तथा बाद में पुलिस को चोरी की घटना की तहरीर दी है ।पीड़ित का कहना है कि स्थानीय पुलिस रेलवे क्रॉसिंग पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाले तो चोर की पहचान हो सकती है। स्थानीय व्यापारियों ने देर रात बाजार में पुलिस की गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## आम आदमी की बैठक पार्टी कार्यालय में हुई संपन्न

**करछना।** आम आदमी पार्टी की बैठक करछना कार्यालय में जिला उपाध्यक्ष नेहा सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कार्यकताओं व पदाधिकारियों से उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल की रोजगार गारंटी की रैली आगामी 2 जनवरी को लखनऊ में होना सुनिश्चित हुआ है । जिसकी तैयारी के लिए सभी ब्लॉक प्रभारी अपने-अपने ब्लॉकों में ज्यादा से ज्यादा संख्या में रोजगार गारंटी रैली में शामिल होने की अभी से तैयारी करें । नेहा सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या है इसको वर्तमान सरकार देने में नाकाम रही है रोजगार गारंटी रैली में शामिल होकर एक नई दिशा की ओर बढ़े और आप पार्टी की जीत हासिल करने का काम करें। बैठक में शेर बहादुर पटेल, हबीब अहमद, रवि भारतीय, सुनीता, सत्येंद्र निर्मल सहित भारी संख्या में लोग मौजूद हुए।

# अनुसूचित समाज और गरीबों का हो रहा उत्थान व विकास : वीपी सरोज

अखंड भारत संदेश

**भाजपा सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष तथा संगठन पदाधिकारियों ने किया सम्बोधित**



भाजपा सामाजिक सम्मेलन में बोलते सासंद सरोज

**जसरा।** गरीबों की पीड़ा को गरीब ही समझ सकता है, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गरीबी झेली है। गरीबों के दुःख दर्द को समझा इस लिए अब गरीबों का विकास और उत्थान कर रहे है। प्रदेश मे जब से योगी सरकार बनी है तभी से अनूसूचित समाज विकास की मुख्यधारा से जुडा है। और सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे खाते में पहुच रहा है। भाजपा की सरकार मे कोई भी भाजपाइयों के ऊपर किसी प्रकार का आरोप नही लगा सकता समाज को इससे सबक लेना चाहिए। उक्त बातें अनूसूचित मोर्चा जिला प्रयागराज के गंगापार, महानगर, यमुनापार के अनूसूचित मोर्चा जिला महासम्मेलन मे बतौर मुख्य अतिथि मछली शहर के सांसद वीपी सरोज ने सोमवार को श्री ईश्वर दीन छेदीलाल इंटर कालेज सभागार जसरा मे मौजूद अनूसूचित समाज के हूजूम को संबोधित करते हुए कही।और आगे बताया कि अगर अनूसूचित समाज को अपना विकास करना है तो आप सभी माताओं बहनों और अनूसूचित समाज के लोगों को जागृत होकर पुनः कमल खिलाकर यूपी मे योगी की सरकार बनानी होगी। पूर्व की सरकारों में गरीबो की योजनाएं नब्बे प्रतिशत रास्ते में ही नेता,गुंडे, माफिया हजम कर जाते थे। और सबसे ज्यादा अनूसूचित समाज के लोग सुविधाओ से वंचित होते थे। दो वर्षों से निःशुल्क राशन का वितरण सरकारे पारदर्शी रूप से करा रही है। शौचालय,आवास किसान सम्मान निधि का पैसा सीधे पूरा का पूरा खातो मे जा रहा है। अब किसान सम्मान निधि छः हजार से बढ़ाकर 10 हजार होने वाली है।इस लिए लक्ष्मी रूपी कमल खिलाकर आप सभी भाजपा की पुनः सरकार बनाने को मोर्चा के मोर्चा सभांले। विशिष्ट अतिथि भाजपा यमुनापार के जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती ने कहा की सबसे ज्यादा पूर्ववर्ती सरकारों मे अनूसूचित समाज के लोग उत्पीड़न और सुबिधाओ से वंचित होते थे। जब से भाजपा की सरकार आई समाज हो या सरकार और संगठन सभी मे बढचकर भागीदारी देकर विकास की मुख्यधारा में ला रही है। विशिष्ट अतिथि बारा विधायक डाँ.अजय कुमार ने कहा गरीबों के नेता कहने को तो बहुत थे पर सच मे अगर गरीबों की चिंता और लाभ और विकास हुआ है तो वह भाजपा की मोदी और योगी सरकार है। विशिष्ट अतिथि के रूप पर मंचस्थ अनूसूचित मोर्चा के प्रदेश संयोजक मनोज कुमार पासी, भाजपा जिला महामंत्री विजय शंकर शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी,मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला आदि ने भी सम्मेलन को सम्बोधित किया। अध्यक्षता अनूसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष राज मणि पासवान ने करते हुए अतिथियों का स्वागत और आभार व्यक्त किया। संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष अनूसूचित मोर्चा ज्ञान नारायण कनौजिया ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिलामंत्री हरिदेव धूरिया, सूरज कुमार पासी, आरके शर्मा, दिनेश प्रजापति, आशीष सोनकर, विरिजा शंकर, पंकज पासी, मुकुन्दं सोनकर, संजय गौतम, प्रीतम केसरवानी, अम्बुज कुमार,रणजीत गौतम , शनिकुमार आदि के साथ भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## न्यूज झरोखा

### कालेज में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान




**जसरा।** मतदाता जागरूकता संगोष्ठी एवम परिचर्चा का आयोजन क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों,शैक्षिक संस्थानो मे इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोध छात्र अभिषेक सिंह पटेल के द्वारा जागरूक किया गया। इसी क्रम मे यमुनापार के सर्वश्रेष्ठ विज्ञान विज्ञान वर्ग के कालेज श्री सेठ राम अभिलाष इंटर कालेज मे आयोजित किया गया जहाँ विद्यार्थियों कों मतदान की अहमियत कों विभिन्न रोचक तरीके से बताया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री एस. आर. सिंह ने शोध छात्र अभिषेक पटेल के हौसला अफजाई करते हुए उनके इस कार्य कों मतदान प्रतिशत एवम जन जागरूकता से काफी मजबूती होंगी।इस अवसर श्री पटेल के द्वारा मेधावी छात्र एवम छात्राओं कों पौधे भी भेंट किया गया। श्री पटेल के मुताबिक प्रयागराज जनपद के यमुनापार प्रखंड मे शिटकहिया स्थित श्री सेठ राम अभिलाष पटेल इंटर कालेज मे चलाये गये जागरूकता अभियान से पूरे समाज मे मतदान प्रतिशत मे काफी वृद्धि होंगी क्योंकि उक्त विद्यालय मे शत प्रतिशत किसान वर्ग के पुत्र एवम पुत्रियाँ अध्ययन कर रहीं हैं। राजेश पटेल, बृजेश कुशवाहा, आसमा नन्द आदि शिक्षक भी मौजूद रहें।

### मतदान करके देश के विकास में अपना योगदान दें : अनिल




**घूरपुर।** देश के समुचित विकास एवम कानून व्यवस्था के मजबूत सरकार का होना बहुत ही आवश्यक हैं जों बिना किसी भेदभाव के राष्ट्रहित मे कार्य करें। मतदान के माध्यम से ही सरकार चुनने का गौरव देश के प्रत्येक नागरिक को प्राप्त हैं इसलिये देश के विकास मे अपने मत का प्रयोग करके चरित्रवान एवम बेदाग छवि के लोगों का चयन करना चाहिए उक्त बातें अनिल कुमार विश्वकर्मा ने बलापुर स्थित श्रीमती कमला स्मारक इंटर कालेज मे आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान परिचर्चा मे बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे बोल रहें थे। कार्यक्रम संयोजक अभिषेक सिंह पटेल ने मतदान को बहुत बड़े दान की संज्ञा देतें हुए बोले कि मतदान के जागरूकता हेतु स्कूल, कालेज सहित अन्य शैक्षिक संस्थानों को मे इस विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता, नाटक मंचन, पेंटिंग आदि के माध्यम से छात्र एवम छात्राओं सहित ग्रामीणों को उक्त महत्वपूर्ण विषय पर जागरूकता की जरूरत हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करके एक अच्छे नेता का चयन कर देश के सम्पूर्ण विकास मे अपना योगदान दें सकें। इस दौरान विद्यालय मे वृक्षारोपण भी गया।उक्त कार्यक्रम मे पवन कुमार विश्वकर्मा, मुकेश कुमार, नितिन कुमार शर्मा, अजय शर्मा, हीरालाल, धर्मेंद्र सिंह आदि शिक्षकों सहित छात्र एवम छात्राएं मौजूद रहें।

### रतन इलेवन प्रयागराज ने आजाद इलेवन क्रिकेट एकेडमी सुरियावां को हराया



**प्रतापपुर।** जिला पंचायत इंटर कॉलेज के ग्राउंड में चल रहे कैश मनी क्रिकेट टूनार्मेंट के तीसरे दिन आजाद इलेवन क्रिकेट एके-डमी सुरियावां बनाम रतन इलेवन प्रयागराज के बीच खेला गया।जिसमें सुरियावा टीम ने टॉस जीतकर निर्धारित 20 ओवर में 113 बनाया लक्ष्य का पीछा करने उतरी रतन इलेवन प्रयागराज की टीम महज 13 ओवर में ही 6 विकट खोकर विजय हासिल कर लिया।इस अवसर आयोजक अजीत कुमार पांडेय ने विजयी टीम के खिलाड़ियों को बधाई दिया वही हारी टीम का उत्साहवर्धन करते हुए कहा हार और जीत खेल का हिस्सा है हारी हुई टीम को हतोत्साहित नही होना चाहिए बल्कि अपनी गलतियों को सुधार करना चाहिए जिससे आगे हार की पुनरावृत्ति न हो।इस अवसर पर सीपी यादव, राजकुमार यादव, बच्चा यादव, संतोष सिंह, गुलाब यादव सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी और दर्शक उपस्थित रहे।

### पं दीनदयाल उपाध्याय गोवंश शिविर का हुआ आयोजन




**जसरा।** विकास खंड के ग्राम पंचायत दौना में पंडित दीनदयाल उपाध्याय गोवंश शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 225 पशुओं की चिकित्सा के साथ ही दवाइयां वितरित की गई। शिविर का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ल ने किया। पशु चिकित्साधिकारी डा०सुनील कुमार मिश्र ने आस पास के गांवों से आये 225 पशुओं की चिकित्सा के साथ ही निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे पशुधन केसीसी, राष्ट्रीय पशुधन बीमा, निराश्रित गोवंश जन सहभागिता योजना,राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना, टीकाकरण योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में सीवीओ बारा डा०पीएन शुक्ल ने कहा कि किसान बिना समय गंवाये पशुधन केसीसी बनवाकर या जो केसीसी पहले से बनाई गई है उसमें जुड़वा कर लाभान्वित हो सकते हैं। शिविर में ग्राम प्रधान दौना कौशलेंद्र सिंह पटेल, ज्ञान प्रकाश सिंह, आर०बी०सिंह,महेंद्र कुमार, राम अचल,अश्विनी कुमार द्विवेदी, मंगला प्रसाद द्विवेदी,लालजी पटेल सहित सैकड़ों पशु पालक मौजूद रहे।

### पति को विधायक बनाने का मांगा आशीर्वाद



**प्रतापपुर।** अपनादल भाजपा गठबंधन प्रतापपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी कैप्टन करन सिंह की धर्मपत्नी रागिनी सिंह ने अपने पड़ोसी गाँव खखैचा में प्रजापति बस्ती में लोगों से आशीर्वाद मांगा कि प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु करन सिंह को आशीर्वाद देकर लखनऊ पहुंचायें ताकि क्षेत्र का सर्वाधिक सर्वांगीण विकास हो सके। साथ ही वहां उपस्थित बच्चों से मिलकर उनको पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया बच्चों को बताया कि आपको अपने अच्छे भविष्य के लिए पढ़ना बहुत जरूरी है।अगर आप पढ़ेंगे तो आप भी एक दिन अपने गांव और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे पढ़ाई करने में कोई दिक्कत समस्या आएगी तो आप लोग निःसंकोच मुझसे कह सकते हैं।महिलाओं ने बहु रागिनी सिंह का बहुत भव्य तरीके से स्वागत किया एवं चुनाव में मतदान करने का भरोसा दिया।

### सपा लोहियावाहिनी का सचिव बनने पर जताई खुशी



**प्रतापपुर।** क्षेत्र के जनुआडीह खुर्द निवासी गणेश यादव को समाजवादी लोहिया वाहिनी का विधानसभा सचिव मनोनीत किया गया।इस अवसर पर उन्होंने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे पूरे मनोयोग निभाऊंगा और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने का कार्य करूँगा।उनके मनोनयन पर अशोक यादव अंजान, दिनेश यादव, बबलू बजती, दीपक, मनीष, राहुल ने खुशी जताई है और गणेश यादव को बधाई दिया है।

### पयासी को राष्ट्रीय सचिव सपा छात्र सभा बनने पर स्वागत



**कोराव।** प्रमोद मिश्र उर्फ प्यासी को सपा छात्र सभा का राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर विधान सभा अल्प सा ख्याल सभा के कार्यक्रम में अभिनंदन किया गया। प्यासी मिश्र ने सभी अतिथियों और नेताओं कार्यकताओं का हार्दिक आभार जताया।

## खबर संक्षेप

### पति-पत्नी पर धोखाधड़ी समेत कई सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** जमीन का फर्जी तरीके से बैनामा कराने पर और पैसा न देने पर पति पत्नी पर धोखाधड़ी गाली गलौज मारपीट और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज किया गया है राजेश कुमार पुत्र रामराज निवासी लोकापुर बिसानी उर्फ शिकोहाबाद थाना मऊआइमा के मुताबिक पड़ोस में रहने वाले चंद्र कली पत्नी जयसिंह ने धोखाधड़ी करके जमीन का बैनामा करा लिया और पैसा भी नहीं दिया पीड़ित ने जब पैसा मांगने गया तो विपक्षी जयसिंह ने गाली गलौज मारपीट कर पैसा देने से मना कर दिया तब पीड़ित ने विपक्षियों के खिलाफ मऊआइमा थाने में पहुंचकर लिखित शिकायत दी शिकायत के आधार पर मऊआइमा पुलिस ने पति-पत्नी पर धोखाधड़ी गाली गलौज मारपीट और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कर-के जांच में जुटी।





# घने कोहरे में हाईवे पर कई जगह हुए हादसे, एक मौत, कई घायल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सोमवार की भोर घने कोहरे में सड़क पटरी पर खड़े ट्रक में पीछे से आ रहे ट्रक चालक ने टक्कर मार दिया। घटना दौरान केबिन में फंसे खलासी की कुछ देर बाद मौत हो गई। मौत की खबर उसके घर पहुंची तो कोहराम मच गया। सूचना पर श्रृंगवेरपुर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेज दिया। थाना कोखराज खास बरीपुर गांव निवासी ट्रक का खलासी अब्दुल वारिस (25) पुत्र गुलाम मोहम्मद ट्रक चालक के साथ बांदा से बालू लादकर प्रयागराज के लिए रवाना हुआ था।बताया जाता है कि थाना क्षेत्र नवाबगंज के नेशनल हाईवे मिरजहां गांव के सामने घने कोहरे के बीच सड़क पटरी पर खड़े खराब ट्रक में पीछे से आ रहे ट्रक चालक ने टक्कर मार दिया। जिससे ट्रक के केबिन का परखच्चा उड़ गया। ट्रक के अंदर बैठा खलासी बुरी तरह केबिन में फस गया।जिसे काफी देर बाद किसी तरह बाहर निकाला गया। उसके पहले मौत हो चुकी थी। घटना होते चालक ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। घटना से थोड़ी दूर बरीपुर गांव युवक की मौत की खबर पहुंची तो लोग बदहवास रह गए। परिजन का रो रो कर बुरा हाल रहा।



कोहरा व धुंध का असर : इस तरह से सड़कों पर दुर्घटनाग्रस्त हुईं गाड़ियों का दृश्य।

### बरौत हाईवे पर कोहरे से भिड़ीं गाड़ियां

कोहरे का कहर से ओवर ब्रिज बरौत में लगभग एक दर्जन गाड़ियां आपस में टकरा गईं, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। बरौत ओवरब्रिज पर सोमवार सुबह कोहरा अधिक होने के कारण करीब एक दर्जन गाड़ियां टकरा गईं। कार-ट्रक आदि गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। अच्छा रहा कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई। चौकी प्रभारी बरौत सूर्य प्रकाश दुबे सिपाहियों के साथ भोर में करीब चार बजे से ही रसार भीटी ओवरब्रिज पर वाहन चालकों को सचेत कर रहे थे की धीरे चलें। चौकी प्रभारी ने क्रेन बुलाकर गाड़ियों को सड़क के किनारे कराया।

# मिलने के बहाने प्रेमी ने प्रेमिका को बाग में बुलाकर कर दी थी हत्या

**दूसरे से बात करने से नाराज था आरोपी प्रेमी, अपने जीजा के साथ पहुंचा था मृतक प्रेमिका के गांव**



प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते पुलिस के अधिकारी व गिरफ्त में प्रेमी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** 25 दिसंबर को हंडिया थाना क्षेत्र में एक किशोरी का शव बाग में मिला था। दो दिन बाद ही पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए हत्या करने वाले आरोपित समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी गंगापार ने सोमवार को दोनों को मीडिया के सामने पेश किया। हत्यारोपित मृतक किशोरी का प्रेमी है। उसने बताया कि वह किसी और से बात करती थी इसलिए उसे मिलने के लिए बुलाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में हंडिया थाना के प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेश्वर मिश्र, अमरनाथ राय, एसओजी मनोज सिंह, नवीन राय, कांस्टेबल अभिजीत शुक्ला, पुष्पेंद्र कुमार, देवेंद्र यादव, रविदेव यादव व विनोद दुबे शामिल रहे।

### धारदार हथियार से काट दिया था गला

एसपी गंगापार ने बताया कि हंडिया के पहाड़पुर गांव का मामला है। राणा प्रताप यादव की 17 वर्षीय बेटी नम्रता का शव गांव के ही बाग में पाया गया था। इसके बाद पुलिस मामले की छानबीन में लगी थी। गांव व अन्य लोगों से पूछताछ में पता चला कि किशोरी का करीब तीन साल से शिवकुमार पाल नामक लड़के से प्रेम संबंध था। शिवकुमार किशोरी के बुआ के ससुराल रहिमापुर झूंसी का रहने वाला है। पूछताछ के दौरान आरोपित शिवकुमार ने बताया कि नम्रता अपने बुआ के यहां अक्सर आती थी, वहीं उससे मुलाकात हुई थी।

### दूसरे से बात करती थी नम्रता : आरोपी प्रेमी

पुलिस लाइंस स्थित सभागार में आरोपित प्रेमी शिवकुमार ने मीडिया को बताया कि वह तीन साल से नम्रता को जानता था। छह सात माह पहले मैंने उसे मोबाइल भी दिया था, उससे बातचीत होती थी। वह किसी और से भी बात करती थी। 24 दिसंबर की रात को मैं अपने जीजा दीपचंद्र पाल निवासी बरौना उतरांव को लेकर उसे मिलने के लिए उसके गांव गया था। वह मिलने के लिए देर रात घर से बाग में आई थी। बातचीत के दौरान ही हमने चाकू निकालकर उसका गला काट दिया। प्रेमिका चीखने लगी थी लेकिन तुरंत ही वह शांत हो गई और उसकी मौत हो चुकी थी।

### ओमी क्रोन से बचाव के लिए टीकाकरण जरूरी

**करछना।** कोरोनावायरस के नए वेरिएंट ओमीक्रोन के खतरे को बढ़ते देख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछना के अधीक्षक डॉ नवीन गिरी ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा टीकाकरण कराने की अपील की है । साथ ही उन्होंने कहा है कि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लोग जाने से बचे साथ ही हर समय मास्क का प्रयोग करते रहे । सोशल डिस्टेंसिंग के पालन से काफी हद तक से बचा जा सकता है वही जो लोग अभी तक टीकाकरण नहीं कराए हैं वे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना में आकर टीकाकरण कराएं।

### बंदी के निधन की एसीएम द्वितीय को जांच

**प्रयागराज।** सिद्ध दोष बंदी यासमीन ऊर्फ कल्लू के निधन की जांच एसीएम द्वितीय को दी गई है। यासमीन का एसआरएन अस्पताल में इलाज के दौरान 15 अप्रैल को निधन हो गया था। कोई भी व्यक्ति 28 दिसंबर को एसीएम द्वितीय कार्यालय में बयान दर्ज तथा साक्ष्य उपलब्ध करा सकता है।

# अतीक की पत्नी बोलीं सुप्रीम कोर्ट तक लड़ेंगे केस

**मुख्यमंत्री विवादित जमीन पर किए हैं भूमि पूजन, स्थानीय विधायकों ने मुख्यमंत्री को किया है भ्रमित**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 26 दिसंबर को विवादित जमीन पर भूमि पूजन किया है। इस जमीन का केस कोर्ट में चल रहा है। यह जमीन हमारी है। इस जमीन के लिए हम सुप्रीम कोर्ट तक मुकदमा लड़ेंगे।क्षेत्रीय विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भ्रमित करके कराया भूमि पूजन। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने मुख्यमंत्री को यह नहीं बताया कि इस जमीन का मुकदमा कोर्ट में चल रहा है। अगर सिद्धार्थ नाथ सिंह को इतना ही शौक है गरीबों को बसाने का तो अपने पैसे से गरीबों के लिए घर बनवाएं। हम अपनी पुश्तैनी जमीन भी गरीबों को दान कर देंगे। शाइस्ता परवीन ने सिद्धार्थ नाथ सिंह को लेकर कई सवाल खड़े किए।



### प्रशासन ने होटल में नहीं दी प्रेस वार्ता की अनुमति, तो होटल के बाहर किया प्रेस वार्ता

प्रशासन ने शाइस्ता परवीन को होटल मिलन पैलेस में प्रेस कॉन्फ्रेंस की अनुमति नहीं दी। उन्होंने प्रेस क्लब से अनुमति ली थी, लेकिन होटल की तरफ से उन्हें फोन करके कहा गया कि वह परमिशन नहीं दे सकते। प्रशासन की तरफ से होटल के प्रबंधन को कहा गया था कि अगर प्रेस कॉन्फ्रेंस करने दी गई, तो होटल के खिलाफ एफआईआर की जाएगी। होटल के अंदर प्रेस कॉन्फ्रेंस की अनुमति न मिलने से शाइस्ता परवीन ने पत्रकारों से होटल के बाहर चर्चा की।

## अधिवक्ता सोमवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहे

**करछना।** अधिवक्ता के खिलाफ फर्जी मुकदमा लिखे जाने के विरोध में करछना तहसील के अधिवक्ता सोमवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहे । और अधिवक्ताओं ने मांग की है कि जल्द से जल्द मुकदमे से अधिवक्ता देवानंद मिश्र का नाम निकाला जाए नहीं तो जल्द ही अधिवक्ता आंदोलन को और तेज करने को बाध्य होंगे । दो दिन पूर्व उपजिलाधिकारी करछना अमृता सिंह ने अधिवक्ताओं की मांग पर सीओ करछना राजेश यादव से बात कर मामले का निराकरण करने की बात कही थी लेकिन अभी तक कोई सार्थक हल न निकलने के कारण अधिवक्ता सोमवार को भी न्यायिक कार्य से विरत है । बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चिंतामणि शुक्ला व महामंत्री हंसराज सिंह ने कौंधियारा थाना प्रभारी को निलंबित करने की मांग करते हुए कहा कि अधिवक्ता देवानंद मिश्र का नाम मुकदमे से नहीं निकाला जाता तो अधिवक्ता करछना तहसील में तालाबंदी करने को बाध्य होंगे।

# नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम हुआ आयोजित

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा दिनांक 27 दिसंबर 2021 को मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान प्रयागराज के मल्टीपरपज हॉल में जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्रयागराज के 15 से 29 वर्ष के ऐसे युवा जिन्हे देश के विकास तथा समाज में होने वाले समकालीन विषयों में रुचि है उन्होंने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज की जिला युवा अधिकारी जागृति पांडेय ने अतिथियों तथा प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का निर्देशन किया। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरी दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । मुख्य विकास अधिकारी ने युवा संसद के प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया।

कार्यक्रम को आयोजित करने में जिला प्रशासन तथा अन्य विभाग अहम भूमिका में रहे। कार्यक्रम के 3 मुख्य हिस्से थे।कार्यक्रम के पहले भाग में माननीय प्रधानमंत्री जी की फ्लैगशिप योजनाओं तथा अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों से संबंधित भाषणों, संबोधनों तथा नेहरू युवा केंद्र द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों की झलकियों को एल ई डी के माध्यम से प्रतिभागियों को दिखाया गया। कार्यक्रम के दूसरे भाग में लीडरशिप हेतु गतिविधियां आयोजित की गई जिसमें प्रयागराज के विभिन्न विकासखंडों के जागरूक युवाओं ने ₹बालिकाओं के विवाह की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से 21 वर्ष किए जाने से समाज में समानता कैसे स्थापित हो सकेगी₹ पर अपना विचार व सुझाव व्यक्त किए। इस गतिविधि में निर्णायक मंडल के संयुक्त निर्णय से प्रथम , द्वितीय व तृतीय क्रमशः बहरिया से महिला मंडल सदस्य स्मिता कुशवाहा, जसरा से तनु केशरी तथा चाका से निर्मल कांत पांडेय रहे। जबकि करें से प्रशांत त्रिपाठी और शहर से प्रगति मिश्रा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त युवा संसद के उपस्थित युवा सांसदों ने कुल चार विषय , कौशल, श्रमिक कल्याण एवं आत्मनिर्भर भारत , महिला, बाल, वृद्ध एवं अल्पसंख्यक , भारतीय कृषि , शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर पक्ष तथा विपक्ष की तर्ज पर बढ़ चढ़ कर पूरे मनोयोग से हिस्सा लिया तथा सुझाव भी दिए।तीसरे भाग में ₹ज्ञान प्रसार₹ हेतु सरकारी विभागों के योजनाओं संबंधित स्टॉल लगाए गए।जिले के अखिलेश यादव, डिप्टी कलेक्टर, जिला विकास अधिकारी, राकेश कुमार, सहायक उप नियंत्रक, सिविल डिफेंस, श्री कमलेश दुबे सेवानिवृत्त उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र संगठन, एएसओसी, भारत स्काउट गाइड, श्री संजय कुमार, सहायक निदेशक, एम एस एम ई, यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ अशोक पांडे, डॉ रमा सिंह, डॉ राजेंद्र तिवारी तथा नेहरू युवा केंद्र के सेवा निवृत्त उप निदेशक, श्री कमलेश दुबे इस मौके पर मौजूद रहे । कार्यक्रम संचालन नेहरू युवा केंद्र के अनुभवी राज्य प्रशिक्षक श्री चंद्रमणि मिश्र ने किया। नमामि गंगे परियोजना अधिकारी ऐसा सिंह ने परियोजना संबंधित कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी तथा वीडियो के माध्यम से अबतक के किए गए कार्यक्रमों की झलकियां प्रतिभागियों को दिखाई। केंद्र के स्वयं सेवकों तथा पंचायती राज के कर्मचारियों ने कार्यक्रम आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।स्वयं सेवकों हिमांशु, अंजू, कुलदीप, आरती, मनीष, अमन, सौरभ आदि ने प्रमुख योगदान दिया।




## ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा पर डीएम ने एसडीएम को दिये स्थलीय जांच का आदेश

अखंड भारत संदेश

**उचित दर विक्रेता पर है सरकारी जमीन कब्जा करने तथा फसल उगा कर जबरन काट लेने के आरोप। थाना कोराव पर भी नहीं की गई थी कोई कार्रवाई**

**कोराव।** जिलाधिकारी प्रयागराज संजय कुमार खत्री ने उप जिलाधिकारी कोरांव को ग्राम पंचायत अल्हवा में स्थित ग्राम समाज की जमीन पर उचीत दर विक्रेता आदि द्वारा अनाधिकृत रूप से भूखंड पर अवैध कब्जा करने वालों का स्थलीय जांच कर कार्यवाही का आदेश दिया है। उक्त आदेश जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत अल्हवा के ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे एवं अखिल भारतीय प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश प्रायग्राज मंडल के मंत्री के पत्र पर दिए हैं। प्रधान ने जिलाधिकारी से मौखिक रूप से तथा लिखित रूप से अवगत कराया कि ग्राम सभा हितार्थ भू माफियाओं के खिलाफ तहसील का कोई कर्मचारी अधिकारी सिकायतों के बावजूद अतिचारियों के खिलाफ प्रथिमिकी नहीं दर्ज कराते। जिससे ग्राम समाज की चल अचल संपत्तियों का दोहन हो रहा है। वहीं भूमि हीन भूमि अभाव में नदी नालों तालाब के भीतों पर जीवन बशर करने को विवश हैं। प्रधान संगठन के मंत्री ने सासन से भी उक्त भूखंडों को ले कर पत्राचार किया जिस पर सासन मुख्य मंत्री कार्यालय के अनुसचिव ने जिलाधिकारी प्रयागराज को यथोचित कार्यवाही का आदेश जारी किया है। साथ ही प्रमुख सचिव खाद्य एवम रसद विभाग उत्तर प्रदेश सासन लखनऊ ने भी जिलाधिकारी को उच्चितदर विक्रेता अल्हवा के खिलाफ कार्यवाही का आदेश निर्गत किया है। प्रधान ने सासन को पत्र लिखा था कि आपूर्ति विभाग और तहसील के अधिकारी दुकानदार को बचाने में लगे हैं।

## प्रधान-सचिव से होगी वसूली

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कौंधियारा के टिकरी गांव में शौचालय निर्माण में धांधली का मामला सामने आया है। अधूरे निर्माण पर ही 53 शौचालयों का भुगतान कर दिया गया। अब डीएम ने प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव से 6.36 लाख रुपये वसूली का आदेश दिया है। दोनों आरोपियों को बराबर राशि जमा करनी होगी। 15 दिनों में पैसा जमा नहीं करने पर आरसी जारी कर दी जाएगी।

गांव के सुभाष चंद्र यादव ने शौचालय निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत की थी। इस बाबत तत्कालीन प्रधान रामबाबू विश्वकर्मा से रिपोर्ट मांगी गई। इसी क्रम में सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी ने भी जांच की, जिसमें गड़बड़ी पाई गई। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत 53 शौचालयों के निर्माण पर 6.36 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी गई थी। अब गड़बड़ी सामने आने के बाद डीएम संजय कुमार खत्री ने इस राशि की वसूली का आदेश दिया है। डीएम ने प्रधान एवं ग्राम सचिव अनिल शर्मा से बराबर-बराबर राशि वसूली का आदेश दिया। यह राशि 15 दिनों के भीतर ग्राम पंचायत निधि खाते में जमा करनी है।

### मेला क्षेत्र में नहीं होगी भोजन की समस्या

**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र में आम नागरिकों को भोजन देने के लिए अन्नक्षेत्र चलाया जाएगा। मेला क्षेत्र में सबसे बड़ा अन्नक्षेत्र चलाने वाली संस्था ओम नमः शिवाय के शिविर का भूमि पूजन होगा। इसके बाद से सोमवार से ही भोजन बनाया जाएगा। मेला क्षेत्र में आने वाले गरीब लोगों और श्रमिकों को यहां से भोजन दिया जाएगा। संस्था की ओर से इस बार मेला क्षेत्र में सात अलग-अलग स्थानों पर भोजन तैयार किया जाएगा। इसमें चार क्षेत्र झूंसी की ओर होंगे। जबकि परेड मैदान से संगम के बीच तीन अलग-अलग स्थानों में भोजन दिया जाएगा।

# महंगाई, भ्रष्टाचार व बेरोजगारी से निजात के लिए कांग्रेस ही एकमात्र विकल्प : बाजीराव खांडे

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के रूदापुर गांव में सोमवार को कांग्रेस पार्टी का प्रतिज्ञा सम्मेलन सम्पन्न हुआ। जिसमें कांग्रेसी नेताओं ने पार्टी की नीतियों से आमजन को अवगत कराया। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बाजीराव खांडे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब से कांग्रेस पार्टी का शासन नहीं है देश - प्रदेश में अराजकता का माहौल हैं। यूपी में बेरोजगारी, भुखमरी, महंगाई और गुंडागर्दी चरम पर पहुंच गई है। चारों तरफ अव्यवस्था व अराजकता का बोलबाला है। कांग्रेस की सरकार बनाने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि जब तक कांग्रेस की सरकार नहीं आएगी तब तक देश भाजपा की गलत नीतियों का परिणाम भुगतता रहेगा। इसलिए मंहगाई बेरोजगारी से बचने का एकमात्र विकल्प कांग्रेस ही है। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खान ने कहा कि प्रियंका गांधी के नेतृत्व में ही देश का विकास संभव है। पार्टी के प्रदेश महासचिव राघवेंद्र प्रताप सिंह ने योगी और मोदी सरकार को निरंकुश बताते हुए कहा कि कहा कि देश में अराजकता और अपराध चरम पर हैं परन्तु भाजपा सरकार झूठ का पुलिंदा बांधकर खुद ही अपनी पीठ थपथपाने में मशगूल हैं। गंगापार प्रभारी करमचंद बिंद ने प्रदेश में बढ़ते भ्रष्टाचार के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया। सम्मेलन में प्रदेश सचिव उज्जवल शुक्ला फूलपुर पर्यवेक्षक संतोष श्रीवास्तव, धनंजय शर्मा, वसी अख्तर ,जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, प्रदेश सचिव संजय तिवारी, युवा कांग्रेसी नेता अजीत भारतीय अपने सैकडों समर्थको के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुँचकर दावेदारी पेश करतें हुए फूलपुर में कांग्रेस पार्टी के लिए आशीर्वाद मांगा। मौके पर कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशफाक अहमद, बृजेशंह, एडवोकेट देवराज उपाध्याय, मोहनलाल मिश्रा, विनय दुबे सिद्धनाथ मौर्य, नशीम हाशमी, विनय दूबे, दिवाकर भारतीय, पूर्व प्रवक्ता डा० अजय प्रकाश सरोज, सदफ फात्मा, नीलू मसीह ,समर बहादुर पटेल, शदाब अहमद, भोलानाथ तिवारी, राजेंद्र मोहन मिश्रा,गिरधारी लाल गौतम सहित पार्टी के अन्य शीर्ष नेता व भारी संख्या में महिलाएं और क्षेत्रीय जन उपस्थित रहा।

### सम्मेलन में प्रवेक्षको के सामने टिकट दावेदारों ने दिखाई ताकत



सम्मेलन को संबोधित करते कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव बाजीराव खांडे व कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करते जीतलाल बिंद

### प्रमासपा के लोकसभा प्रत्याशी जीतलाल बिंद ने ली कांग्रेस की सदस्यता

प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी रहे वरिष्ठ समाजसेवी जीतलाल बिंद ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव बालाजी खड़गे की मौजूदगी में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण कर पार्टी हित में कार्य करने वादा करते हुए उन्होंने कहा कि अगर पार्टी उन्हें मौका देती है तो वह कांग्रेस की उम्मीदों पर हमेशा खरा उतरेंगे। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी ऊषा बिंद सपा पार्टी से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव भी लड़ चुकी हैं।

# हमने खत्म किया यूपी से माफिया राज और भ्रष्टाचार : योगी

## मुख्यमंत्री ने 553.81 करोड़ की 378 परियोजनाओं का किया शिलान्यास

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को पतापगढ की जनसभा में आए और विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला स उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने गरीबों का पैसा और गरीबों का राशन गरीबों को दिया है सस माफिया राज और भ्रष्टाचार को दूर किया है स जन विश्वास यात्रा के अंतर्गत लालगंज के बेलहा नया का पुरवा में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने जिले के विकास से संबंधित 553.81 करोड़ रुपये की 378 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया।



सभा के पूर्व दीप प्रज्जवलन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए जिले की एक कहावत का जिक्र किया, सौ पढ़ा लिखा एक प्रतापगढ़ा, लोगों ने इसे मान लिया है। दुनिया में कहीं भी प्रतापगढ़ का आदमी जाता है तो वह वहां पर अपनी छाप छोड़ देता है। सीएम योगी ने कांग्रेस के गढ़ में कांग्रेस को लताड़ लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के समय में आज घोषणा होती थी। 10 साल बाद शिलान्यास, बनने में 20 साल लगते थे और तब भी बनता था तो आधा अधूरा रह जाता था। अब अधूरे के लिए जगह नहीं है। हमने पूजा भी की तो पूरे चांद की पूजा की, पूर्णिमा के चांद की पूजा की, मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास पहले साल किया तो दूसरे साल उसको तैयार कर जनता को समर्पित कर दिया। सीएम योगी ने कहा कि जो लोग पिछले पांच साल से सत्ता से बाहर हैं, आज उनके यहां दीवारों से किस तरीके से नोट पकड़े जा रहे हैं। ये देखने को मिल रहा है,पिछले तीन दिन से तस्वीरों को आप देख रहे होंगे। पिछली सरकारों में दलालों के माध्यम से पैसा पहुंच जाता था और फिर पैसा इस तरीके से दीवारों में चुनवा दिया जाता था। आज उस पैसे को इनकम टैक्स निकाल रहा है, तब गरीब का पैसा गरीब के घर बनाने में खर्च होगा।जब दीवारों से पैसा निकल रहा है, तब आपको समझ आ रहा होगा कि आखिर बबुआ नोटबंदी का विरोध क्यों कर रहा था। नोटबंदी का विरोध इसलिए करते थे रखा होगा,आप समझ सकते हैं।एक हैंडपंप के लिए पहले सिफारिश लगती थी हैंडपंप के लिए पिछली सरकारों के नेताओं के पास लोग मजबूर होते थे। 120 गांवों में हम लोग आज पेयजल की सुविधा दे रहे हैं। सीएम योगी ने कहा हमने मफियाओं के कि वो काली कमाई सामने आ जाएगी।

सीएम योगी ने सपा पर प्रहार करते हुए कहा कि जब मंच पर चाचा-भतीजे में मारपीट होती थी,तब प्रदेश की जनता का क्या हाल कर आतंक पर बुलडोजर का वार कर गरीबों, वंचितों को अपने घर का उपहार दिया।सोच ईमानदार, काम दमदार फिर एक बार भाजपा सरकार की गुहार के साथ हम आपके बीच आए हैं।

## सह यात्रा प्रभारी ने सीएम को भेंट किया गदा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के युवा और तेजतर्रार नेता किसान मोर्चा महामंत्री पिंटू तिवारी के द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गदा सौंपा। उन्होंने कहा कि गदा के रूप में बजरंगबली का आशीर्वाद है और इसी आशीर्वाद के माध्यम से 2022 में भारतीय जनता पार्टी यूपी का चुनाव जीतेगी। इस मौके पर पिंटू तिवारी ने कहा कि आज फिर दे प्रफुल्लित हो गया। आज हमें एक मुख्यमंत्री ही नहीं एक कर्मठ संत का भी आशीर्वाद मिला। आपको बता दें कि रथ यात्रा में रथ पर प्रतापगढ़ सांसद संगम लाल गुप्ता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा नेता पिंटू तिवारी एक साथ नजर आए।

## ीकाकरण कैम्प का आयोजन आज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल और बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के तत्वावधान में सोमवार को बैठक हुई। जिसमें कोरोना के बढ़ते केस पर गंभीरता से विचार विमर्श किया। डॉक्टर अनुराग मिश्रा ने कहा कि लोग कोरोना के प्रति लापरवाह हो गये हैं। लोग बिना मास्क के घूम रहे हैं। ओमिक्रोन के केस बढ़ रहे हैं। इस तरह की लापरवाही सेहत के लिए ठीक नहीं है। अश्वनी केसरवानी ने कहा कि सभी को जागरूक रहने की जरूरत है। जिन लोगों ने अभी तक कोविड का टीका नहीं लगवाया है। वे 28 दिसंबर को रीवर डेल पब्लिक स्कूल सियाराम कालोनी में आयोजित विशेष टीकाकरण कैम्प में जाकर कोविशिल्ड का टीका अवश्य लगवा लें। जिन लोगों ने दूसरा डोज नहीं लगवाया है। वो भी कैम्प का लाभ उठाये। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक मोहम्मद इमरान खान ने की। संचालन मोहम्मद अनीस ने किया। वीके तिवारी ने आभार ज्ञापित किया है। बैठक में अधिवक्ता उमेश सिंह, दिग्विजय सिंह, विनोद लखमानी, आरके गुप्ता, वीरेंद्र कुमार, अमित तिवारी, ददन समेत कई सहयोगी मौजूद थे।बाबा बेलखरनाथ धाम ब्लाक कांग्रेस के प्रभारी बने कृष्ण कुमार मिश्रा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी प्रतापगढ़ में एक बैठक में पट्टी तहसील क्षेत्र के आशापुर अठगवा गांव निवासी कृष्ण कुमार मिश्रा को विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम कांग्रेस का प्रभारी बनाया गया जिला अध्यक्ष लालजी त्रिपाठी की अनुशंसा पर उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान प्रसिद्ध प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य संजय मिश्रा ने कहा कि निश्चित रूप से कृष्ण कुमार मिश्रा को यह पद मिलने से कांग्रेस पार्टी को नई मजबूती मिलेगी।

## पद्मावत एक्सप्रेस से छह टोटियां चोरी, हजारों की चपत

**प्रतापगढ़।** नये एलएचबी कोच के साथ सफर कर रही पद्मावत एक्सप्रेस पर चोरो की नजर पड़ गई है। उन्होंने अपना कारनामा दिखाना शुरू भी कर दिया है। कोच में लगी स्टील की कीमती आधा दर्जन टोटियों पर हाथ साफ कर दिया है। इस घटना से जिम्मेदार अधिकारियों के होश उड़ गये हैं। लेकिन चोरों को पकड़ना आसान भी नहीं है। एक टोटी की कीमत डेढ़ से दो हजार बताई गई है। इससे अधिक महंगी भी टोटियां लगी हैं। पद्मावत एक्सप्रेस एलएचबी कोच लगने के बाद हाईटेक हो गई है। इसमें लगी चीजें महंगी है। अगर टोटी की बात की जाय तो ये ब्रांडेड स्टील की कंपनियों की है। टोटियों को खोलना भी बहुत आसान है।

# लापरवाही से स्टेशन पर बर्बाद हो रहा हजारों गैलन पानी

## ओवर फ्लो होकर नाली में जा रहा बूथ का पानी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर पानी की बबार्दी आम बात है। बूथ और टोटियों से डेली जितना पानी बर्बाद हो जाता है। उससे कम से कम दो ट्रेनों का काम चलाया जा सकता है। बिजली की बबार्दी अलग से। प्लेटफार्म एक पर जीआरपी थाने के बगल वाला पानी का बूथ करीब महीने भर से ओवरफ्लो हो रहा है। डेली हजारों लीटर पानी नाली में जाकर बर्बाद हो रहा है। अफसोस इधर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिम्मेदारों की आंखों का पानी इस कदर मर चुके है कि उन्हें जल की बबार्दी नही दिखाई दे रही है। आखिर सरकारी व्यवस्था जो ठहरी।

गर्मी आते ही जिस स्टेशन पर पानी की जंग शुरू हो जाती है। उस समय यात्री बूंद बूंद पानी के लिए तरसते है। ट्रेनों की सफाई नहीं हो पाती है। कोच के शौचालय की टंकी बिना पानी के रह जाती है। यात्रियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इतना सब कुछ होने के बाद भी यहां के अधिकारी सीख नहीं लेते हैं। पानी के बूथ का पानी लगातार बह रहा है। एसएस, पीडब्ल्यूआई डेली इधर से कई बार गुजरते हैं। उन्हें पानी बहता जरूर दिखाई देता होगा। इसके बाद भी उन्होंने आंखों पर पट्टी बांध रखी है। इस बारे में आईओडब्ल्यू से बात की गई तो उन्होंने बनवाने को कहा था। लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी बूथ का ओवर फ्लो नहीं रुका। हजारों लीटर पानी नाली में जा रहा है।

# सातों विधान सभा से होकर जौनपुर गई जन विश्वास यात्रा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश जन विश्वास यात्रा प्रतापगढ़ के सातों विधान सभाओं में होते हुए देर शाम जौनपुर के प्रस्थाना कर गई। प्रतापगढ़ में जगह-जगह यात्रा का कार्यकताओं ने जमकर स्वागत किया। यात्रा रविवार की देर शाम कुण्डा पहुंची।

वहां से देर रात यात्रा लालगंज पहुंची, जहां रात्रि विश्राम के बाद सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री के जाने के बाद यह जन विश्वास यात्रा रामपुर खास, विश्वनाथगंज, सदर, पट्टी विधान सभा क्षेत्र से होते हुए रानीगंज, गौरा, सुवंसा होते हुए जौनपुर गई। यह यात्रा कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर के नेतृत्व में गाजीपुर से प्रारंभ होकर कौशाम्बी, प्रयागराज, प्रतापगढ़ होते हुए जौनपुर गई।

## जगह-जगह हुआ जन विश्वास यात्रा का स्वागत



# चिकित्सा शिविर में 310 जानवरों का हुआ चिकित्सीय इलाज

## पं.दीनदयाल उपाध्याय ब्लॉक स्तरीय आरोग्य चिकित्सा शिविर सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में पशुपालन विभाग द्वारा विकास खंड बाबागंज की ग्राम पंचायत धनगढ़ में सोमवार को ब्लॉक स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय आरोग्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ दिलीप सिंह की अगुवाई में 310 जानवरों का चिकित्सीय इलाज व बांझपन का इलाज किया गया।



चिकित्सा शिविर में बोलते सचिव डा0 विजय यादव

पशु चिकित्सा शिविर के मुख्य अतिथि मां ज्वालामुखी देवी मंदिर ट्रस्ट मानिकपुर के सचिव डॉ विजय यादव ने फीता काटकर चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि आदमी की तरह पशुओं की भी देखरख व समय-समय पर समुचित इलाज कराया जाना चाहिए, क्योंकि पशु ग्रामीण जीवन के मुख्य आधार हैं। मनगढ़ पशु चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ दिलीप सिंह ने शिविर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिविर में आए हुए सभी पशुपालकों का स्वागत करते हुए सभी के प्रति धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पशुधन प्रसार अधिकारी अंकित सिंह, पैरावेट राम आसरे यादव, विभागीय कर्मचारी मेघई राम,धुन्ने लाल सरोज, सुशील कुमार सरोज व अर्जुन सरोज समेत पूर्व प्रधान कुंवर पवन सिंह, पुन्नू सिंह, बृजेश सिंह, दशरथ लाल पाल, सुम्मे लाल सोनकर, पप्पू सोनकर, राम नरेश यादव समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग व पशुपालक मौजूद रहे।

## सद्भावना दिवस समारोह आज

**प्रतापगढ़।** बैकुंठ वासी पंडित शीतला प्रसाद तिवारी की पुण्य स्मृति में सद्भावना दिवस समारोह का आयोजन 28 दिसंबर मंगलवार को दिन में एक बजे दानपुर राजगढ़ में संपन्न होगा। मुख्य अतिथि के रूप में धमार्चार्य ओमप्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास होंगे। कार्यक्रम में आने वाले समय में ओमिक्रांन के आगमन पर सतर्कता वरतने व सामाजिक समरसता हेतु परिचर्चा एंव समाज के गरीब असहाय लोगों को कंबल का वितरण तथा समाज में समरसता हेतु कार्य करने वाले एवं कोविड-19 के समय जनमानस की सेवा करने वालों का सम्मान किया जाएगा। उक्त जानकारी कार्यक्रम के आयोजक पंडित वेद प्रकाश तिवारी ने दी है।



सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की बैठक में बोलते अतिथि

## जाने आलम बने सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मीरा भवन में समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का विस्तार हुआ जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष साबिर अली और संचालन जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया और बताया कि 2022 के चुनाव में अल्पसंख्यक अपना पूरा जोर लगा कर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का प्रण लिया। इस मौके पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष साबिर अली ने जिला उपाध्यक्ष जाने आलम, असगर अंसारी, मोहम्मद तनवीर, शराफत उल्लाह ,वसीम रिजवी, जिला कोषाध्यक्ष वकील अहमद और जिला सचिव मोहम्मद सलीम, इसरार अहमद ,मोहम्मद आसिफ, महमूद अहमद ,हाफिज, अहमद खान, अमानुल्लाह खान, मोहम्मद रफीक को बनाया और सातों विधानसभा के अध्यक्ष हाफिज रहमान, जहीन आलम, समीम खान ,मोहम्मद समसुद्दीन, गुलाम मैनुद्दीन, अफसर अहमद, इश्तियाक अहमद को बनाया गया।

## खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा विपणन विकास सहायता योजना के अन्तर्गत ग्राम नौबस्ता, संसारपुर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में प्रदेश के उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के सदस्य रमाशंकर शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुये। शिविर में ग्रामीण क्षेत्र के बड़ी संख्या में शिक्षित बेरोजगार उपस्थित रहे। इस दौरान उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के सदस्य ने केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला और कहा कि सरकार द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजनायें आदि संचालित है, जिसका शिक्षित बेरोजगार लाभ उठाये। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न योजनायें संचालित कर लाभान्वित कर रही है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के कुशल निर्देशन में देश एवं प्रदेश का चहुमुखी विकास हो रहा है। इस अवसर पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी विनोद कुमार श्रीवास्तव सहित ग्राम प्रधान व अन्य सम्भ्रान्त लोग उपस्थित रहे।

## सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर जुटाई भीड़

**प्रतापगढ।** मुख्यमंत्री की जनसभा के बाद कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक में स्थानीय लोगों का आभार जताया गया। ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर हुई बैठक में अध्यक्ष केडी मिश्र ने कहा कि मुख्यमंत्री की सभा में भीड़ जुटाने के लिए सरकारी मशीनरी का भरपूर दुरुपयोग किया गया। विकास व पुलिस विभाग के एड़ी चोटी का जोर लगाने के बावजूद मुख्यमंत्री की सभा में स्वयं सहायता समूह, आशा और आंगनबाड़ी की कार्यकत्रियां आईं। सरकारी कर्मचारियों पर लोगों को ले आने का दबाव न होता तो सीएम की सभा फ्लॉप शो होती।

# प्रताप सदन में प्रधान सौरभ सिंह का हुआ सम्मान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रताप सदन में एमएलसी कुँवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल ने भारी संख्या में जुटे प्रधान व पंचायत सदस्यों के बीच प्रधान सौरभ सिंह का गर्म जोशी से स्वागत किया औ? जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भइया के आदेश पर तत्काल प्रभाव से ग्राम सभा यादव पट्टी के विकास हेतु 11 लाख रुपये व दो हैंडपंप देकर सम्मान किया। इस मौके पर पार्टी के जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि कुलदीप पटेल, सदर प्रधान संघ अध्यक्ष ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष राम अचल वर्मा, अनिल कुमार सिंह लाल साहब, विवेक त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य मोहित सिंह, छात्र प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रवीण चतुर्वेदी एवं सदर विधानसभा के भारी संख्या में प्रधान व सदस्य जिला पंचायतगण उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी मुक्कू ओझा ने दी।



फोटो 5-प्रताप सदन में प्रधानों से बातचीत करते एमएलसी गोपाल

## शिक्षण संस्थाएं छात्रवृत्ति योजना के आवेदन पत्रों को करें अग्रसारित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सच्चिदानन्द तिवारी ने शिक्षण संस्थाओं को सूचित करते हुये कहा है कि भारत सरकार द्वारा संचालित अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं हेतु संचालित छात्रवृत्ति योजना (प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं मेरिट कम-मीन्स) में वर्ष 2021-22 के पात्र छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन किये गये आवेदन पत्रों को आपके शिक्षण संस्थाओं द्वारा अपने पोर्टल से आनलाइन सत्यापन करते हुये अग्रसारित किया जाना है जबकि संस्थाओं द्वारा अभी तक छात्र/छात्राओं के आवेदन अग्रसारित/सत्यापित किया जाना अवशेष है। शिक्षण संस्थायें आवेदनों को नियमानुसार एल-1 (संस्था स्तर) से नियमानुसार सत्यापन कर अग्रसारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही कार्यालय को प्रमाणित सूची शपथ पत्र उपलब्ध करायें जिससे समयान्तर्गत आवेदन आनलाइन अग्रसारित किया जा सके।

# व्यापारी के बेटे की दोस्तों ने की हत्या

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** तीन दिन से लापता व्यापारी पुत्र का पता न चलने से आक्रोशित लोगों ने मुख्यमंत्री के आगमन के पहले बाजार बंद कर चक्काजाम किया तो पुलिस ने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया। व्यापारी पुत्र के दो दोस्तों को पुलिस ने कर्रा किया तो पता चला कि दोनों ने उसकी हत्या कर लाश खाली मकान में छिपा दी थी। दोनों को गिरफ्तार कर पुलिस हत्या की वजह पूछ रही है।

लालगंज थानाक्षेत्र के सगरासुंदरपुर बाजार निवासी मदन केसरवानी घर पर किराना की दुकान चलाते हैं। उनके दो जुड़वा बेटों में बड़ा अंशू केसरवानी (17) बीए प्रथम वर्ष का छात्र था। शनिवार शाम करीब पांच बजे अंशू अपनी बहन की साइकिल लेकर घर से निकला तो लापता हो गया। घरवालों ने अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी। अज्ञात के खिलाफ लालगंज थाने में एफआईआर दर्ज कर पुलिस छानबीन करने लगी। लेकिन कुछ पता नहीं चला तो रविवार को मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए आक्रोशित लोग सुबह साढ़े दस बजे सगरासुंदरपुर बाजार में चक्काजाम कर अंशू का पता लगाने की मांग करने लगे। सीओ ने जाम खुलवाया लेकिन लोगों ने फिर जाम लगा दिया। करीब साढ़े 11 बजे डीएम और एसपी पहुंचे और आश्वासन दिया कि 10 घंटे में कुछ पता न चला एसओ पर कार्रवाई होगी तब जाम खुल गया।

## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत हरदुआ में बने गौशाला मे गायें नही हैं सुरक्षित

**कौशाम्बी।** विकासखंड चायल के हरदुआ ग्राम पंचायत में गौशाला में गाय माता सुरक्षित नहीं रह गई हैं चारा पानी के अभाव में गाय की मौत हो रही है लेकिन अधिकारियों को सूबे के मुख्यमंत्री का आदेश का तनिक भी नहीं है मुख्यमंत्री कौशाम्बी की जनसभा में मौजूद हैं किसी भी अधिकारी व कर्मचारी को मुख्यमंत्री का तनिक भी डर नहीं है मुख्यमंत्री के आदेश और निर्देश का पालन हरदुआ गौशाला में नहीं किया जा रहा है जिससे गायें गौशालाओं में सुरक्षित नहीं है जहां पर भोजन के अभाव में गायें व बछड़े मर रहे हैं मरने के बाद वही बने गौशाला के बाउंड्री के बाहर ऐसे खुले में गायों को फेंक दिया जाता है जिसे वहां पर मौजूद कुत्ते नोच नोच कर खा रहे हैं साथ ही साथ बने गौशाला में लगे समरसेबिल पम्प से खेतों की सिंचाई किया जा रहा है लेकिन गौशाला के देखरेख में लगे अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं।

# वृद्धा एवं विधवा पेंशन योजना से छूटे पात्र लोगों का कराएं सर्वे : डीएम

## डीएम ने कहा कि 01 जनवरी को न्याय पंचायतवार विकास खण्डवार कैम्प कराए आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने कार्यालय कक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान जिला कृषि अधिकारी को जिन पात्र किसानो को अभी तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिल रहा है सर्वे कराकर उन सब किसानो की सूची तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि सम्बन्धित अधिकारियों एवं सीएससी से समन्वय बनाकर 30 दिसम्बर 31 एवं 01 जनवरी को न्याय पंचायतवार विकास खण्डवार कैम्प का आयोजन कर छूटे हुए पात्र किसानों को लाभान्वित किया जाय जिलाधिकारी ने पीओ डूंडा को नगर पालिका परिषद मंझनपुर एवं भरवारी के विस्तार में शामिल गॉवो सहित सभी नगर पंचायतो में जिन पात्र लोगों को अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला है उन सभी का सर्वे कराकर 03 दिन के अन्दर सूची उपलब्ध कराने के




बैठक करते जिलाधिकारी व शामिल विभिन्न विभाग के मौजूद अधिकारी

निर्देश देते हुए कहा कि इन्हें शीघ्र लाभान्वित करने की कार्यवाही की जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि किसी अपात्र को योजना का लाभ न मिलने पाये इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक लाभान्वित किये गये लाभार्थियो की सूची सम्बन्धित विधायकगणों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत चयनित लाभार्थियो की सूची का एक बार पुनः सत्यापन कराने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को अभी तक जिन पात्र दिव्यागों को पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है उन सभी का सर्वे कराकर सूची तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि इन सभी को पेंशन से शीघ्र लाभान्वित किया जाय तथा स्वास्थ्य विभाग से समन्वय बनाकर विकास खण्डवार कैम्प का आयोजन कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया जाय तथा ट्राई साइकिल योजना की पात्रता रखने वाले सभी दिव्यांगो की सूची तैयार कर लाभान्वित किया जाय। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी एंव जिला प्रोबेशन अधिकारी को वृद्धा एवं विधवा पेंशन योजना से छूटे हुए पात्र लोगों का सर्वे कराकर सूची तैयार कर शीघ्र लाभान्वित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति पेंशन योजना से छूटने न पाये। उन्होंने डिप्टी आरएमओ को निर्देशित किया कि धान खरीद केन्द्र पर किसानों को कोई परेशानी न होने पाये तथा केन्द्रों पर बोरों आदि की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी एवं ओएसडी उपमुख्यमंत्री विनीत वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### गम्भीर मुकदमों में विशेष पैरवी कर अपराधियों को दिलाई जाए कड़ी सजा : जिलाधिकारी

#### डीएम ने की अभियोजन सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा बैठक

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में आयोजित अभियोजन सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान सम्बन्धितों को निर्देशित किया कि गम्भीर अपराधों के मुकदमों में विशेष पैरवी कर अपराधियों को कड़ी सजा दिलायी जाय बैठक में पुलिस अधीक्षक राधेश्याम विश्वकर्मा अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### कौशाम्बी से लेकर हरिद्वार तक फैला है बालू माफिया व उसके भाई के फर्जी कारनामों का मायाजाल

**कौशाम्बी।** इमलीगांव निवासी एक चर्चित बालू माफिया का भाई डॉ अरविंद नारायण मिश्रा हरिद्वार स्थित भगवानदास संस्कृत महाविद्यालय को कब्जाने के मामले में आरोपित किया गया है डॉ अरविंद नारायण मिश्रा के ऊपर फर्जी दस्तावेज के सहारे हरिद्वार स्थित स्वामी भगवानदास महाविद्यालय संस्था पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगा का है मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद से वह फरार चल रहा है मामले मे साल भर पहले ही हरिद्वार के ज्वालापुर कोतवाली मे इमलीगांव निवासी बालू माफिया के भाई समेत कुल सात लोगों के खिलाफ फजीर्वाड़े का मुकदमा दर्ज हुआ है बालू माफिया के भाई डॉ अरविंद नारायण मिश्र समेत कुल छह आरोपी फरार चल रहे हैं जबकि महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य निरंजन मिश्र को हरिद्वार पुलिस ने हाल ही मे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।कहीं इस हाई लेवल फजीर्वाड़े के अनैतिक लाभों से ही तो नही बनाये गए हैं कौशाम्बी के कोटिया स्थित स्वामी भगवान दास महाविद्यालय व एसबीडी कान्वेंट स्कूल यह बड़ा सवाल है बालू चोरी मे सीबीआई के बाद अब हरिद्वार पुलिस के जांच की जद मे मिश्रा बंधुओं के काले कारनामे का बड़ा खुलासा जल्द हो सकता है।

### कई दर्जन डंफर ,सैकड़ों बीघा जमीन खरीदने वाला भाजपा नेता कौन!

#### 5 वर्षों में अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले भाजपा नेता के कारनामों की जांच कराए जाने की मांग

**कौशाम्बी।** योगी सरकार के कार्यकाल में कौशांबी के एक भाजपा नेता ने अकूत संपत्ति अर्जित की है सामान्य जीवन जीने वाले इस भाजपा नेता ने प्रदेश में योगी सरकार के बनते ही 5 वर्षो के कार्यकाल में कई दर्जन डंफर खरीदे हैं जिसकी कीमत तीस करोड़ रुपए बताई जाती है भाजपा नेता द्वारा खरीदे गए डंपर विशेष मार्का बालू के काले कारोबार में लगे हैं काली कमाई से भाजपा नेता द्वारा खरीदे गए डंपर बेनामी संपत्तियों में शामिल है इसी भाजपा नेता ने सिराथू तहसील क्षेत्र के विभिन्न ग्राम सभाओं में परिजन रिश्तेदारों के नाम बेनामी संपत्तियों की तरह सैकड़ों बीघा से अधिक भूमि करोड़ों रुपए की रकम खर्च कर खरीदी है नेताजी ने योगीराज में अकूत संपत्ति कहां से अर्जित की है माफियाओं पर कार्रवाई की बात करने वाले योगी आदित्यनाथ क्या भाजपा के इस नेता के कारनामों को संज्ञान लेकर इनके संपत्तियों की जांच करवाएंगे

### मामूली बात पर दबंगों ने वृद्ध पर किया हमला

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के चौराडीह गांव में सोमवार को एक वृद्ध व्यक्ति को दबंगों ने मारपीट कर लहूलुहान कर दिया है मामले की सूचना परिजनो ने स्थानीय पुलिस को दिया है घायल वृद्ध को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनाक्रम के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के चौराडीह गांव निवासी दौलत पुत्र रताऊ सोमवार की सुबह शौचक्रिया के लिए खेतों की ओर जा रहा था इसी बीच मामूली बात पर गांव के शिवनारायण और उसके दो अन्य भाइयों ने मिलकर बृद्ध को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई और घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा दो वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है जानकारी के मुताबिक रोहित कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी गुलामीपुर थाना करारी व अशरफ अली पुत्र बरकत अली निवासी पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# सिराथू विधानसभा के दर्जनों गांव में सपा नेता ने किया जनसंपर्क

**अखंड भारत संदेश**

**कैलाश केसरवानी ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2022 में भाजपा सरकार का पूरी तरह से सफाया तय है**

**जनसंपर्क के दौरान सपा नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार में बढ़ते अपराध अत्याचार महंगाई से आम जनजीवन त्रस्त है**

**कौशाम्बी।** सिराथू विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव में अपने समर्थकों के साथ पूर्व चेयरमैन कैलाश केसरवानी विधानसभा सिराथू से समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी ने जनसंपर्क कर आम जनमानस से मुलाकात किया और लोगों की समस्याओं को सुना समाजवादी पार्टी के नेता कैलाश केसरवानी के जनसंपर्क के दौरान जगह जगह पर ग्रामीणों ने उन्हें माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया है और ग्रामीणों ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि आने वाला विधानसभा चुनाव समाजवादी पार्टी का ही होगा इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिस तरह से जनसंपर्क के दौरान आम जनता का उन्हें समर्थन मिल रहा है इससे यह तय है कि आने वाले विधानसभा चुनाव 2022 में भाजपा सरकार का पूरी तरह




आम जनता से संपर्क करते सपा नेता कैलाश केसरवानी

से सफाया तय है और विधानसभा चुनाव 2022 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनेगी उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को विकास के पथ पर पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में ही ले जाया जा सकता है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में बढ़ते अपराध अत्याचार महंगाई से आम जनजीवन त्रस्त है कैलाश केसरवानी के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी नेताओं ने सिराथू विधान सभा के मोहिउद्दीनपुर बेला निजामपुर नौगीरा अचाका पुर, शिवपुर गढ़ी अदमापुर, फत्तेपुर बेला सहित दर्जनों गांव में आम जनमानस से मुलाकात की जनसंपर्क के दौरान कैलाश केसरवानी के साथ भैया लाल पाल, राम बदन यादव, दरोगा महराज, राकेश विश्वकर्मा, मौजी लाल यादव, संजीव कुमार सरोज, शिव बरण यादव,श्याम लाल प्रजापति, अनिल कुमार गौतम, अरुण केसरवानी, भोला मिश्रा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## सैता में चायल विधायक ने किया नलकूप का लोकार्पण

**भाजपा सरकार हर किसी घर तक पानी पहुंचने में कामयाब होगी**

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के विवेकानंद नगर सैंता में नगरवासियों के लिए शुद्ध पेयजल हेतु चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता ने नलकूप का लोकार्पण किया है विधायक द्वारा लोकार्पण किया गया नलकूप के निर्माण में 48.90 लाख की लागत से यह नलकूप विधायक के प्रयास के बाद बन कर तैयार हुआ है नलकूप के लोकार्पण के अवसर पर चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं है जब हमारी भाजपा सरकार हर किसी घर तक पानी पहुंचने में कामयाब होगी उन्होंने कहा कि योगी सरकार आम जनता की जरूरत की हर जरूरत को पूर्ण करने पर लगी है और इसी क्रम में सैता में नलकूप लगाया गया है जिससे घर-घर पानी पहुंच सके कार्यक्रम में मुख्य रूप से सूरज यादव बबलू गौतम गोलू केसरवानी सहित सैकड़ों स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



लोकार्पण के उपरांत उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते चायल विधायक संजय गुप्ता

# माइनर कट जाने से गेहूं की सैकड़ो हेक्टेयर फसल हुई जलमग्न

## नहर विभाग और सिंचाई विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे किसान

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** योगी सरकार में सिंचाई विभाग और नहर विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का एक बार फिर खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ा है विभाग की लापरवाही के चलते सैकड़ों हेक्टेयर गेहूं की फसल बर्बाद हो गई है लेकिन किसानों की बबार्दी पर अभी तक जनप्रतिनिधियो ने भी विभाग के लापरवाह अधिकारियों की नकेल अभी तक नहीं कसी है मंझनपुर तहसील क्षेत्र के सरसवा ब्लाक अंतर्गत किशुनपुर कैनाल पंप से जुड़ने वाली पुनवार माइनर कट जाने से भोलेनाथ का पूरा रतन का डेरा सहित इलाके के सैकड़ो किसानों की सैकड़ों हेक्टेयर गेहूं की फसल जलमग्न हो गई है नहर का पानी खेतों में भर गया है जिससे सैकड़ों हेक्टेयर गेहूं की




जलमग्न गेहूं की फसल

फसल पानी में डूब जाने से बर्बाद हो गई है सूचना देने के बाद भी सिंचाई विभाग के अधिकारी अभी नहीं जागे हैं जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है इसके पहले भी कई बार नहर विभाग के अधिकारियों की उदासीनता का खामियाजा किसान भुगत चुके हैं नहर मरम्मत और सफाई के नाम पर विभाग करोड़ों रुपए की रकम खर्च करने के बाद केवल अभिलेखों में वाहवाही लूटते हैं विभाग के बढ़ते भ्रष्टाचार का खामियाजा किसान भुगतते हैं आखिर सिंचाई विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते किसानों की फसल जलमग्न होने के बाद उनके नुकसान की भरपाई कौन करेगा यह किसानों के सामने बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

### फ्री राशन वितरण की धज्जियां उड़ा रहे चरवा के कोटेदार

**कौशाम्बी।** मोदी योगी सरकार के द्वारा संचालित प्रतिमाह वितरण होने वाला राशन चायल तहसील के नगर पंचायत चरवा के कोटेदारों द्वारा आज तक वितरण नहीं किया गया है जिससे जनता में आक्रोश मचा हुआ है दिसम्बर माह बीतने वाला है कब तक लाभार्थियों को राशन मिलेगा कुछ दिन में जनवरी माह आने वाला है जबकि सरकार द्वारा माह में दो बार राशन वितरण किए जाने का निर्देश अधिकारियों को दिया है जिले के छोटे बड़े सम्बंधित अधिकारी आज तक मूकदर्शक बने हुए हैं जिससे कार्ड धारको के सामने 2 जून रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है योगी मोदी सरकार के निशुल्क राशन वितरण योजना की सफलता पर अधिकारी ढिंढोरा पीट रहे हैं लेकिन चरवा में कार्ड धारकों को राशन नहीं मिल रहा हैं वहां जिम्मेदार अधिकारियों की नजर नहीं जा रही है नगर पंचायत चरवा के कोटेदार और अधिशासी अधिकारी योगी मोदी सरकार की छीछालेदर कराने पर लगे हैं चरवा में राशन वितरण न किए जाने के मामले में यदि जिलाधिकारी ने जांच कराई तो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत चरवा और कोटेदारों की मुसीबत बढ़ सकती है।

# महंगाई, जमाखोरी एवं कालाबाजारी भाजपा सरकार का प्रयोजित कार्यक्रम : अजय सोनी

**अखंड भारत संदेश**

**इमामगंज कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने देश प्रदेश में बढ़ती महंगाई, जमाखोरी एवं कालाबाजारी को लेकर भाजपा सरकार की आलोचना की है। रविवार को अजय सोनी अपने जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम तैबापुर, डिंचापर, शमसाबाद, तेरहरा एवं बंबुपुर गांवो में भ्रमण के दौरान लोगों से वार्ता करते हुए कहा कि महंगाई, जमाखोरी एवं कालाबाजारी बढ़ाना भाजपा सरकार का प्रयोजित कार्यक्रम है और ऐसा करके भाजपा सरकार गरीबों का खून चूसने में लगी है जबकि देश में भाजपा समर्थित उद्योगपति रोज दर रोज मालामाल हो रहे हैं।

आगे कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के चलते आज खाद्य पदार्थ, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम रोज दर रोज बढ़ते जा रहे हैं जबकि देश में कच्चा माल एवं कृषि उत्पादन काफी बेहतर है। आगे कहा कि एक ओर केंद्र सरकार महगांई, जमाखोरी एवं कालाबाजारी बढ़ाकर गरीबों, किसानों, मजदूरों एवं आम जनता को तबाह कर रही है वहीं दूसरी ओर कृषि और श्रम उत्पादों के दामों में लगातार



किसानों से वार्ता करते पार्टी नेता अजय सोनी

कमी करके उन्हें और परेशान करने का काम रही है। आज लोग ऊंचे दामों में आवश्यक वस्तुओं को खरीदने को विवश हो रहे हैं इससे कालाधन और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। पार्टी नेता एवं सिराथू विधानसभा प्रत्याशी विजय शुक्ला ने कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा सरकार ने महंगाई, कालाबाजारी एवं जमाखोरी के खिलाफ समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करने की बात कही थी लेकिन सत्ता में आने के बाद भाजपा अपने वादे के विपरीत महंगाई, कालाबाजारी एवं जमाखोरी को बढ़ावा दे रही है। आने वाले चुनाव में जनता ऐसी जनविरोधी सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का काम करेगी और इन्हे सत्ता से बाहर होना पड़ेगा। इस अवसर पर सुरजीत वर्मा, जयसिंह पटेल, सुशील सोनी, जुम्मन अली, रतन कुमार, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।'

# महिलाओं के अधिकार सत्ता में हिस्सेदारी के अधिकार को कांग्रेस ने किया मजबूत : वेद

**अखंड भारत संदेश**

**लड़की हूं लड़ सकती हूं महिला शक्ति की आवाज, सिराथू बिदन पुर ककोड़ा गांव के कार्यक्रम में दर्जनों महिलाओं ने ग्रहण की सदस्यता**

**कौशाम्बी।** जिस तरह से बड़ी संख्या में महिलाओं ने कांग्रेस की ओर अपना रुख अख्तियार कर पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश की प्रभारी बहन प्रियंका गांधी की आवाज ₹लड़की हूं लड़ सकती हूं₹ को बुलंद किया है उससे यह तय है कि अब प्रदेश की महिलाओं को उनका अधिकार मिल के रहेगा और हमारी माताएं बहने इसको लेकर रहेंगी। उक्त बातें पार्टी नेता वेद प्रकाश पाण्डेय सत्यार्थी ने आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही।

इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि संघर्ष से ही व्यक्ति को अधिकार मिलता है ऐसे में जिस तरीके से इस एक शब्द ने महिलाओं को उनके अधिकार और सत्ता में हिस्सेदारी पाने के अधिकार को मजबूत किया है। उससे तय है कि



कांग्रेस के कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं

आने वाले दिनों में बहने अपनी शक्ति मजबूत कर सत्ता तक पहुंचेंगी। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनती है तो किसानों का पूरा कर्जा माफ किया जाएगा, धान और गेहूं की 25 सौ रुपए प्रति, कुंतल खरीद तारीख तय की जाएगी। इसके साथ छात्राओं को स्मार्टफोन और स्कूटी महिलाओं को 3 सिलेंडर मुफ्त, नए सरकारी पदों में आरक्षण के प्रावधानों के अनुसार 40% महिलाओं की नियुक्ति, प्रदेश में महिलाओं वीरांगनाओं के नाम पर 75 दक्षता विद्यालयों की स्थापना की जाएगी। इस मौके मानवाधिकार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि बहन प्रियंका गांधी ने तय किया है कि वह प्रदेश के विधानसभा चुनाव में 40 प्रतिशत महिलाओं को टिकट देंगी। जो महिलाओं की मजबूत हुई शक्ति का आगाज है। इस मौके पर प्रमुख रूप से रामप्रसाद टीटी, लोकमणी लोधी, ज्योति कुमारी, गुंजा, सविता देवी, राजरानी, शोभा देवी, प्रदीप कुमार रेशमा देवी, रीना देवी, नेहा देवी, रोहन कैथवास, सूरज कुमार, मोहित कुमार, सविता देवी, स्वाति कैथवास, प्रियंका कुमारी, मालती देवी, गीता कुमारी, पिंकी, निर्मला देवी, महारानी देवी, संदीप कुमार, गोविंद कुमार, मलखान, छोटेलाल रैदास, रामचंद्र, फूलमती सहित बड़ी संख्या में लोगों ने मौजूद रहे।

# भगवती मानव कल्याण संगठन ने किया पौधारोपण

**अखंड भारत संदेश**

**रवींद्र भैया ने बच्चों को नशा मांसाहार मुक्त एवं चरित्रवान बनने की प्रेणना दी**

**कौशाम्बी।** कृष्ण पक्ष की अष्टमी के पावन पर्व शक्ति साधना दिवस के अति महत्वपूर्ण दिवस पर दिनांक 27 दिसम्बर को परमहंस योगीराज सद्गुरुदेव शक्तिपुत्र महाराज के निर्देशन में भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा तहसील मंझनपुर के द्वारा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आवास में आम के पौधे का पौधारोपण किया गया, जिसमें भैया रवीन्द्र योगभारती तहसील सिराथू के सह सचिव राजेन्द्र अग्रहरि जिला अध्यक्ष शिवरत्न गुप्ता तहसील अध्यक्ष शिवराज सिंह श्याम नारायण त्रिपाठी प्रदीप यादव शशांक यादव राजकुमार यादव मुकेश पटेल अभिषेक यादव सुनील वर्मा विजय कांत शशि कांत आदि लोग उपस्थित रहे।

पौधारोपण के इस क्रम मे जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रहरी शिवरत्न गुप्ता अभिषेक यादव रवींद्र विजय कांत ने बतलाया कि वृक्ष का हमारे जीवन मे क्या महत्व है? एवं वृक्ष हमारे जीवन मे किस प्रकार उपयोगी है इस विषय मे वहाँ पर उपस्थित सभी लोगों को विस्तार से बताया इसके पश्चात भगवती मानव कल्याण संगठन के लोग हनुमान मंदिर पहुचे वहां पर वट वृक्ष का पौधारोपण किया वहाँ पर भी भैया रवींद्र ने अपने शब्दों के माध्यम से सभी ग्रामीण वासियों को वट वृक्ष के बारे में विस्तार से बतलाया वहाँ



पौधारोपण कर वापस लौटते भगवती मानव कल्याण संगठन के पदाधिकारी

आने जाने वाले लोग भी अपने वाहन को रोक कर वट वृक्ष की विशेषता को सुनने के लिए आ गए। अंत में भगवती मानव कल्याण संस्थान के सदस्य गण फैजी पुर के निकट एक विद्यालय मे गये वहाँ पर पांच अशोक वृक्ष का रोपण किया गया वहाँ पर सभी बच्चों को एकत्रित कर शिक्षकों की उपस्थिति मे भैया रवींद्र योगभारती ने कहा कि हम लोग भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा कौशाम्बी से हैं हमारा मुख्य उद्देश्य है मानवता की सेवा राष्ट्र की रक्षा एवं धर्म की रक्षा करना और रवींद्र भैया ने बच्चों को नशा मांसाहार मुक्त एवं चरित्रवान बनने की प्रेणना दी और कहा कि यही हमारे संगठन का उद्देश्य भी है अंत मे भैया रवींद्र ने पर्यावरण की सुरक्षा के विषय मे बतलाया की हमें कैसे अपने पर्यावरण की रक्षा करना है उन्होंने बतलाया कि अशोक वृक्ष अन्य वृक्षों की अपेक्षा अधिक शीतल छाया लाभप्रद है तथा अधिक मात्रा में ऑक्सीजन प्रदान करता है अशोक वृक्ष की गणना महत्वपूर्ण कुछ देववृक्षों के बीच होती है। वृक्षों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है, ये कहा जाए तो वृक्षों से ही पृथ्वी पर जीवन संभव है, वृक्षों से ही बरसात होती है, तथा अनेक प्रकार की औषधियाँ प्राप्त होतीं हैं, फल - फूल, छाया तथा अनेकानेक लाभ प्राप्त होता है, और सबसे महत्वपूर्ण ये है कि वृक्ष वायुमंडल में से कार्बनडाइऑक्साइड को ग्रहण करते हैं और बदले में हमें स्वच्छ ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, तथा वृक्ष अपने जीवन भर हमें कुछ न कुछ देता ही है जीवनपूर्ण होने या सूखने के बाद जलाऊ लकड़ी भी प्रदान करते हैं और साथ मे कहा कि पौधे रोपण कर उसकी देखभाल कर यदि हम उसे वृक्ष मे परिवर्तित कर दें तो वह हमे अध्यात्म दृष्टि से 10 हजार यज्ञ के बराबर फल प्रदान करता है व भौतिक दृष्टि से करता ही है इसलिए आप लोग किसी विशेष दिवस, धार्मिक पर्वों त्योहारों जन्मदिवस सालगिरह या किसी परिजनों के पुण्यतिथि पर वृक्षारोपण अवश्य करें `इस प्रकार शंखनाद एवं माँ गुरुवर के दिव्य चेतना मंत्रों के साथ पौधारोपण किया गया।

## सम्पादकीय

# ओमिक्रॉन पर सरकार का ध्यान

कोरोना की दो लहरों से बुरी तरह प्रभावित भारत में अब तीसरी लहर की आशंका जोर पकड़ने लगी है। कोरोना के नए प्रकार ओमिक्रॉन के मामले तमाम एहतियात के दावों के बीच बढ़ने लगे हैं। इसका मतलब ये है कि सावधानी में कहीं कोई बड़ा झोल है, जिस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस बीच शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फिर से राष्ट्र के नाम संबोधन दिया और ऐलान किया कि अगले साल तीन जनवरी से 15 से 18 साल की उम्र के बीच के किशोरों और युवाओं के लिए टीकाकरण अभियान शुरू किया जाएगा, साथ फ्रंट लाइन हेल्थ वर्कर्स को 'बूस्टर डोजदेने की शुरूआत 10 जनवरी से होगी। इसके बाद रविवार को इस साल के आखिरी मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने फिर कहा कि कोरोना का नया वेरिएंट आ चुका है। इसका अध्ययन हमारे वैज्ञानिक कर रहे हैं। मोदीजी ने कहा कि ये जनशक्ति की ही ताकत और सबका प्रयास है कि 100 साल में आई सबसे बड़ी महामारी से भारत लड़ सका। स्वयं की सजगता और अनुशासन कोरोना के इस वेरिएंट के खिलाफ बहुत बड़ी शक्ति है। हमारी सामूहिक शक्ति ही कोरोना को परास्त करेगी, इसी दायित्वबोध के साथ हमें 2022 में प्रवेश करना है। इधर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बूस्टर डोज पर सरकार की घोषणा की तारीफ की। राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा कि केंद्र सरकार ने बूस्टर डोज का मेरा सुझाव मान लिया है- ये एक सही $कदम है। देश के जन-जन तक वैक्सीन व बूस्टर की सुरक्षा पहुंचानी होगी। इसके साथ ही राहुल गांधी ने 22 दिसंबर का एक ट्वीट भी साझा किया, जहां वह बूस्टर डोझ्ा को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा कर रहे थे। ये सही बात है कि राहुल गांधी ने कोरोना महामारी को लेकर जब-जब जो चेतावनियां दीं या सुझाव दिए, तब सरकार ने उन्हें अनसुना किया। लेकिन बाद में उन्हीं पर अमल भी किया। लॉकडाउन से लेकर टेस्टिंग और वैक्सीनेशन तक राहुल गांधी ने सरकार को कदम-कदम पर आगाह किया है। उन्होंने बूस्टर डोझ्ा की बात भी उठाई थी। अच्छा है कि इस बार मोदी सरकार ने इस पर घोषणा करने में देर नहीं की। हालांकि इस घोषणा को अमल में किस तरह लाया जाएगा, ये देखने वाली बात है। देश ने देखा है कि कोरोना जैसे गंभीर मसले पर भी देश में राजनीति नहीं रुक पाई। जहां विपक्षी दलों ने बार-बार सरकार की कमियों की ओर ध्यान दिलाया, वहीं सरकार ने हमेशा अपनी गलतियों को ढंकने की कोशिश की। बल्कि ये जतलाया कि सरकार के प्रयासों के कारण कैसे कोरोना को मात दी गई।

प्रधानमंत्री ने मन की बात में भी यही दावा किया। जबकि इस कड़वी सच्चाई से देश की जनता वाकिफ है कि कोरोना की पहली और दूसरी लहर में सरकार ने अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ा और अस्पताल के बिस्तर से लेकर आक्सीजन सिलेंडर तक का इंतजाम जनता को अपने बलबूते ही करना पड़ा। इसलिए प्रधानमंत्री की इस बात से तो सहमत हुआ जा सकता है कि जनशक्ति के कारण ही भारत इस महामारी से लड़ सका। हालांकि प्रधानमंत्री को ये भी बताना चाहिए था कि जब जनता अपनी शक्ति कोरोना से लड़ने में लगा रही थी, उस वक्त सरकार की शक्ति किन चीजों में लगी हुई थी। क्या सरकार अपनी शक्ति भाजपा के लिए चंदा जुटाने में लगा रही थी, या उद्योगपति मित्रों का बैंक बैलेंस बढ़ाने में लगा रही थी या चीन के साथ व्यापार को सौ अरब डालर के पार करने में लगा रही थी। भारत के इतिहास में कोरोना की दूसरी लहर के दौरान कई शर्मनाक, दर्दनाक तस्वीरें चस्पां हो गई हैं। जिनमें आक्सीजन के लिए सड़क पर तड़पते लोगों से लेकर गंगाजी में बहाए जा रहे शवों की तस्वीरें सब शामिल हैं। भारत के इन हालात पर दुनिया ने भी अफसोस जताया, लेकिन भाजपा अब भी यह मानने तैयार नहीं है कि देश में आक्सीजन की कोई कमी हुई थी, या गंगा नदी में कोरोना से मारे गए लोगों के शव उनके परिजनों ने बहाए थे, क्योंकि अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाटों पर जगह नहीं बची थी। उत्तरप्रदेश में स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने विधान परिषद में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की कमी के कारण प्रदेश में एक भी मौत नहीं हुई। जबकि संसद में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि केंद्र सरकार ने ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 'सभी संभव प्रयासकिए थे। गंगा नदी में शव बहाने की बात से भी सरकार मुकर गई थी, लेकिन 'गंगा : रीइमेजिनिंग, रिजुवेनेटिंग, रीकनेक्टिंगनाम की किताब में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक और नमामि गंगे के प्रमुख राजीव रंजन मिश्रा ने लिखा है कि कोरोना की दूसरी लहर के दौरान गंगा 'मृतकों के लिए आसान डंपिंग ग्राउंडबन गई थी। ये कुछ तथ्य इस बात का प्रमाण हैं कि कोरोना की गंभीरता को सरकार ने कितने बाद में समझा और जब तक बचाव के कदम उठाए, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सरकार ने इस बात पहले से एहतियात दिखानी शुरू तो की है, बस इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि थाली-ताली जैसे दकियानूसी उपाय और रिकार्ड बनाने की लालसा इस महामारी से निपटने के दौरान न दिखाई जाए और जान है तो जहान के मंत्र को ही सरकार ध्यान में रखे।

# लाल झण्डे के नीचे संघर्ष करो

भाकपा का इतिहास वीर संघर्षों और बलिदानों से तैयार एक महान गाथा है। पार्टी ने राजनैतिक के साथ-साथ सामाजिक उत्पीड़न से मुक्ति के लिए जनता का नेतृत्व किया। तेलंगाना में घटनापूर्ण सशस्त्र संघर्ष, पुन्नपरा वायलर, तेभागा आंदोलन आदि को कम्युनिस्ट इतिहास में लाल अक्षरों में चिह्नित किया जाएगा। देश के विभिन्न हिस्सों में शहीदों ने लाल झंडे के नीचे निस्वार्थ भाव से शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ लड़ाई लड़ी, उन्हें कम्युनिस्टों की भावी पीढ़ियों द्वारा हमेशा याद किया जाएगा। 26 दिसंबर 1925 भारत में कम्युनिस्ट आंदोलन के इतिहास में एक अविस्मरणीय दिन है। वह दिन था जिस दिन भाकपा का जन्म हुआ था। यद्यपि कानपुर में दिसम्बर की ठंड का दिन था, फिर भी युवा क्रान्तिकारी जो वहां एकत्रित हुए थे, एक नई दुनिया की अटूट आशा और आकांक्षाओं की आग से रोमांचित थे। वे देश के विभिन्न हिस्सों से आए थे, जो मद्रास, कलकत्ता, बॉम्बे, पंजाब, कानपुर आदि स्थानों में नवजात कम्युनिस्ट समूहों का प्रतिनिधित्व करते थे। भारत की सीमाओं से परे भी, ताशकंद जैसे स्थानों पर कम्युनिस्ट समूहों की स्थापना सम्मेलन से पहले ही हुई थी। भारत की धरती पर समाजवाद के पथ पर आगे बढ़ते हुए पार्टी का सपना एक स्वतंत्र और समृद्ध भारत का था। बेशक, यह किसी आकस्मिक घटना का सहज परिणाम नहीं था। लेकिन एक प्रतिकूल सामाजिक-राजनीतिक पृष्ठभूमि में सोच समझकर और विचार-विमर्श के बाद एक उद्देश्यपूर्ण कदम उठाया गया था। ब्रिटिश साम्राज्यवाद और उनके हिन्दुस्तानी गुर्गे उपनिवेशवाद-विरोधी जागरण की जरा-सी भी शाखाओं को तोड़ने की पुरजोर कोशिश कर रहे थे। फि र भी कम्युनिस्ट पार्टी का जन्म भारत की धरती पर हुआ, क्योंकि यह एक अनिवार्य ऐतिहासिक आवश्यकता थी। 1917 में महान अक्टूबर समाजवादी क्रांति की विजय ने इतिहास की धारा बदल दी थी। इसका संदेश सभी महाद्वीपों की पीड़ित जनता और राष्ट्रों के कानों में गूंज रहा था। महान अक्टूबर क्रान्ति के आह्वान पर, जो मार्क्सवाद की मुक्तिकामी विचारधारा से प्रेरित थी, क्रांतिकारी समूहों ने सामाजिक परिवर्तन की एक नई अंतर्दृष्टि प्राप्त करना शुरू कर दिया। भारत में नौजवान भारत सभा और भगत सिंह और उनके साथियों के नेतृत्व में हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी, सूर्य सेन के नेतृत्व में युवाओं का बैंड, बंगाल में युगांतार और अनुशीलन समूह सभी इस जागरण का हिस्सा थे। 1908 में जब बाल गंगाधर तिलक को गिरफ्तार किया गया, तब बम्बई के मजदूरों ने हड़ताल की घोषणा की, जो भारतीय मजदूर वर्ग की पहली राजनीतिक हड़ताल थी! यह छह दिनों की हड़ताल थी क्योंकि तिलक पर लगाए गए आरोप उन्हें छह साल के लिए सलाखों के पीछे डालने वाले थे। रिलीज तिलक उनका एकमात्र नारा था जिसने बॉम्बे की सड़कों पर धूम मचा दी।

मजदूर वर्ग की इस हरकत के बारे में जानकर लेनिन ने लिखा कि भारतीय मजदूर वर्ग ने परिपक्वता हासिल कर ली है। उस परिपक्वता ने 1920 में एटक की नींव रखी। मजदूरों, किसानों, युवाओं और अन्य दलित वर्ग भी साथ-साथ औपनिवेशिक शासन के खिलाफ विद्रोह में उठ खड़े हुए। संघर्ष के एक नए मार्ग की उनकी खोज ने कम्युनिस्ट पार्टी के गठन का मार्ग प्रशस्त किया। अपने नेतृत्व के आधे-अधूरे कार्यों के कारण कांग्रेस के रैंकों में मोहभंग ने भी भारतीय क्रांतिकारियों से स्वतंत्रता और प्रगति के नए रास्ते खोजने का आग्रह किया। अपनी स्थापना से पहले ही, कम्युनिस्ट पार्टी और उसकी विचारधारा पर ब्रिटिश साम्राज्यवादियों के नेतृत्व की अंधेरे की ताकतों ने हमला किया था। साम्यवाद के आदर्शों से प्रभावित होकर युद्ध के मैदान में कूदने वाले युवा क्रांतिकारियों के खिलाफ एक के बाद एक साजिश के मामले दर्ज किए गए। पेशेवर षड़यंत्र के चार मामले, कानपुर षड़यंत्र का मामला, लाहौर षड़यंत्र का मामला, मेरठ

**बिनय विस्वम**

षड़यंत्र का मामला- इस प्रकार की साजिशों का श्रेय साम्राज्यवाद के षड़यंत्रकारियों द्वारा रची गई साजिशों को जाता है। यदि झूठ और षड़यंत्रों से कम्युनिस्ट पार्टी की मृत्यु हो सकती, तो वह इस देश में अस्तित्व में नहीं होती। लेकिन उत्पीड़कों और वर्ग शत्रुओं द्वारा उकसाई गई सभी बाधाओं का मुकाबला करते हुए, कम्युनिस्ट जहां एक मुक्त भारत और एक नई दुनिया के लिए अपनी लड़ाई में अथक थे। भारतीय राजनीतिक क्षितिज में कम्युनिस्टों द्वारा पूर्ण स्वतंत्रता का नारा प्रसारित किया गया था। 1921 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अहमदाबाद अधिवेशन में हसरत मोहानी ने ही ऐसा प्रस्ताव पेश किया था। गांधीजी ने तब इसे गैर-जिम्मेदार और अव्यवहारिक बताते हुए ठुकरा दिया था। कि हसरत मोहनी कानपुर में भाकपा के स्थापना सम्मेलन की स्वागत समिति के अध्यक्ष थे। ठीक एक साल बाद, 1922 में, कांग्रेस के गया अधिवेशन में, सिंगरावेलु चेट्टियार ने व्यापक समर्थन के साथ उसी मांग को दोहराया। सिंगारवेलु चेट्टियार भाकपा के स्थापना सम्मेलन के अध्यक्ष थे। उन घटनापूर्ण दिनों के बाद से, कम्युनिस्टों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में निर्विवाद भूमिका निभाई। अखिल भारतीय किसान, ऑल इण्डिया स्टूडेंट्स फेडरेशन, प्रगतिशील लेखक संघ ; 1936 में सभी के निर्माण में और युवाओं, महिलाओं और अन्य उत्पीड़ित जनता के संगठित होने में कम्युनिस्ट सबसे आगे थे।

भाकपा का इतिहास वीर संघर्षों और बलिदानों से तैयार एक महान गाथा है। पार्टी ने राजनैतिक के साथ-साथ सामाजिक उत्पीड़न से मुक्ति के लिए जनता का नेतृत्व किया। तेलंगाना में घटनापूर्ण सशस्त्र संघर्ष, पुन्नपरा वायलर, तेभागा आंदोलन आदि को कम्युनिस्ट इतिहास में लाल अक्षरों में चिह्नित किया जाएगा। देश के विभिन्न हिस्सों में शहीदों ने लाल झंडे के नीचे निस्वार्थ भाव से शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ लड़ाई लड़ी, उन्हें कम्युनिस्टों की भावी पीढ़ियों द्वारा हमेशा याद किया जाएगा। स्वतंत्र भारत के इतिहास में हर मोड़ पर कम्युनिस्ट पार्टी मेहनतकश जनता के हितों की पैरवी करने के लिए सबसे आगे खड़ी रही। यह भाकपा ही थी जिसने लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और समाजवादी लक्ष्य को कायम रखते हुए हमेशा दक्षिणपंथी प्रतिक्रियावादी ताकतों के विनाशकारी मंसूबों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। सांप्रदायिक फासीवादी ताकतों की आसन्न प्रकृति के बारे में पार्टी ने हमेशा सतर्कता से देश को आगाह किया और विश्व इतिहास और भारतीय विकास की अपनी समझ के साथ पार्टी स्पष्ट थी कि इस फासीवादी खतरे से लड़ने के लिए धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, वामपंथी ताकतों का एक व्यापक मंच आवश्यक है। भाकपा ने हमेशा मजदूरों, किसानों, युवाओं, छात्रों, महिलाओं, दलितों और आदिवासियों के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए अपनी ताकत और ऊर्जा समर्पित की। पूरे देश में शासक वर्गों की दमनकारी नीतियों के खिलाफ जनसंघर्षों के अखाड़े में भाकपा का लाल झंडा दिखाई देता रहा है।

पार्टी ने अपनी स्थापना से लेकर 1947 तक, औपनिवेशिक शासन के खिलाफ फिर कई दशकों तक कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ाई लड़ी, अब यह भाजपा के नेतृत्व वाली और आरएसएस नियंत्रित सबसे फासीवादी प्रतिक्रियावादी शासन के खिलाफ महत्वपूर्ण लड़ाई के लिए जनता को अथक रूप से लामबंद कर रही है। यह भाकपा ही है जिसने स्पष्टता के साथ घोषणा की कि आज भारतीय जनता के सामने मुख्य शत्रु साम्प्रदायिक फासीवादी ताकतें हैं। और सीपीआई पहली पार्टी है जिसने मुख्य दुश्मन के खिलाफ इस लड़ाई को जीतने के लिए सभी धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक वाम ताकतों के एक व्यापक मंच के लिए राजनीतिक परिप्रेक्ष्य को आगे बढ़ाया। मार्क्सवाद की वैज्ञानिक विचारधारा की विश्वसनीयता के साथ, भाकपा ने हमेशा हमारे देश और दुनिया भर में सामाजिक- राजनैतिक अंतर्विरोधों का विश्लेषण करने का प्रयास किया है। इस प्रयास में इसने अपने और दुनिया के अनुभवों से मूल्यवान सबक लिया है। इस संबंध में भाकपा को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि वह विश्व कम्युनिस्ट आंदोलन के रैंकों में एक गौरवपूर्ण दल है। सोवियत संघ के पतन और विश्व समाजवाद के कमजोर होने के दौरान पार्टी ने बिना किसी हिचकिचाहट के कहा कि यह मार्क्सवाद की विफलता नहीं है, बल्कि इसके क्रियान्वयन के एक विशेष तरीके का विखंडन है। अपनी 15वीं कांग्रेस में, संकट के बाद, पार्टी ने मार्क्सवाद के क्रांतिकारी विज्ञान को रचनात्मक रूप से विकसित करके नई स्थितियों को संबोधित करने की चुनौती ली। अपनी 96 वीं वर्षगांठ के इस अवसर पर भाकपा अपने सदस्यों, सहानुभूति रखने वालों और वामपंथ के शुभचिंतकों से मार्क्सवाद के क्रांतिकारी सिद्धांत और व्यवहार को सीखने के लिए खुद को तैयार करने का आह्वान करती है।

पीछे मुड़कर देखते हुए, भाकपा को स्वाभाविक रूप से अपने महान राष्ट्र की सेवा और जनता के हितों की असंख्य उपलब्धियों पर गर्व है। साथ ही पार्टी अपनी नाकामियों से भी वाकिफ है। भाकपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसने अपनी लंबी यात्रा में हुई अपनी गलतियों को स्वीकार करने का साहस दिखाया है। यह लोगों के प्रति इसकी ईमानदारी और विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसी भावना के साथ, भाकपा एक सैद्धांतिक आधार पर कम्युनिस्ट आंदोलन के एकीकरण के महत्वपूर्ण प्रश्न पर अपनी स्थिति दोहराती है। एक सैद्धांतिक और वस्तुपरक आत्मनिरीक्षण से कम्युनिस्टों को इस तथ्य को समझने में मदद मिलेगी कि हमारे आंदोलन में विभाजन ने केवल क्रांतिकारी आंदोलन को कमजोर किया है और वर्ग शत्रुओं को मजबूत किया है। आगामी शताब्दी और उस पर विचार-विमर्श और उस पर सार्थक बहस में कम्युनिस्टों को शामिल होने का अवसर मिलना चाहिए जो उन्हें विचार और एक्शन में एकता की खोज में मदद करेगा। भाकपा के लाखों सदस्यों और हमदर्दों के लिए और इसकी हजारों इकाइयों के लिए, यह वर्षगांठ केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं है। यह उन महान आदर्शों के प्रति समर्पण का क्षण है, जिनके लिए 1925 में पार्टी की स्थापना की गई थी। उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि आरएसएस की स्थापना भी उसी वर्ष हुई थी, जिसने हमारे राष्ट्र के प्राणों तक अपनी जड़ें जमा ली हैं। यह उनकी धार्मिकता के कारण नहीं हुआ है। वास्तव में उनके लिए धार्मिकता अभिशाप है। वे मुसोलिनी के स्कूल से प्रशिक्षित हिटलरवादी फासीवाद का भारतीय चेहरा हैं। भारत में नव-उदारवाद द्वारा शुरू की गई दक्षिणपंथी हवा ने उनके गुप्त उद्देश्यों को ताकत हासिल करने में मदद की। नस्लीय गौरव और सुपर प्रॉफिट के पंखों पर वे हमारे धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने में पैठ बनाने का प्रयास करते हैं और समाज में सांप्रदायिक विभाजन के बीज बोने की कोशिश कर रहे हैं। लोगों को लामबंद करके उन्हें रोका जाना चाहिए। केंद्र सरकार अपने कई विधायी कदमों के माध्यम से सांप्रदायिक फासीवादी ताकतों और दुनिया के कारपोरेट्स को टिका रही है। उन्होंने इस एक भावना का पोषण किया है कि वे अपराजेय हैं। भारत के किसानों के ऐतिहासिक संघर्ष ने उनकी सर्वोच्चता की सनक को चकनाचूर कर दिया। किसानों की एक साल की लड़ाई से देश को बहुत कुछ सीखना है। इस संदर्भ में पुडुचेरी कांग्रेस का आह्वान कम्युनिस्ट पार्टी के लिए और भी प्रासंगिक हो जाता है। वह आह्वान, लोगों से फिर से जुड़ो कम्युनिस्टों के लिए वॉच वर्ड होना चाहिए।

# हम क्या हो गए हैं

**राजेश महेश्वरी**

पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक व्यथित करने वाला वीडियो सामने आया। इसमें एक मुस्लिम बुजुर्ग को नमाज पढ़ने से रोकने की कोशिश कुछ धर्मांध हिंदू कर रहे हैं। आस-पास की भीड़ जय श्रीराम के नारे लगा रही है। कुछ पुलिस वाले उन उत्पाती लोगों को रोकने की कोशिश कर रहे हैं और इस हंगामे के बीच वो बुजुर्ग जमीन पर नमाज पढ़ने बैठ रहे हैं। यह वीडियो दिल्ली से सटे गुरुग्राम का है, जहां पिछले कुछ वक्त से खुले में नमाज का मुद्दा जबरदस्ती विवाद का विषय बना दिया गया है। इसे लैंड जिहाद जैसे नाम देकर समाज में सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने की साजिशें की जा रही हैं। गौरतलब है कि 2018 से ही कुछ इलाकों को चिन्हित कर खुले में नमाज की अनुमति प्रशासन ने दी हुई है। पहले 37 जगहें चिन्हित की गईं थीं, फिर इनकी संख्या घटाकर 29 कर दी गई। हर जुमे को इन जगहों पर मुस्लिम समाज के लोग नमाज के लिए पहुंचते हैं। लेकिन पिछले कुछ समय से इसमें अनावश्यक तरीके से बाधा पहुंचाने की कोशिश हो रही है। उपरोक्त वीडियो ऐसी ही एक कोशिश का प्रमाण है। एक महीने पहले भी भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने कुछ दक्षिणपंथी संगठनों के लोगों के साथ गुड़गांव के सेक्टर 12 ए के उस स्थान पर गोवर्धन पूजा में शिरकत की थी, जहां मुसलमान हर हफ्ते नमाज अदा करते हैं। इधर खुले में नमाज रोकने के लिए नियोजित तरीकों की श्रृंखला में ट्रक खड़ा करना प्रदर्शनकारियों का नवीनतम हथियार है। इससे पहले पिछले दिनों कई गांवों के लोगों ने सेक्टर 37 थाने के पास दी गई जगह पर पहुंच कर हवन किया था और दावा किया था यह मुंबई आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए किया जा रहा है। एक नमाज स्थल पर कुछ लोगों को क्रिकेट खेलते देखा गया था और एक अन्य स्थान पर पूजा की गई और बाद में वहां गोबर फेंक दिया गया। ये सारे हथकंडे महज इसलिए कि मुस्लिमों को खुले में नमाज पढ़ने से रोका जाए, अल्पसंख्यकों को ये अहसास दिलाया जाए कि वे दोयम दर्जे के नागरिक हैं। हालांकि संविधान में इस देश के सभी नागरिकों के लिए बराबरी का अधिकार दिया गया है, फिर चाहे वो किसी भी धर्म के अनुयायी हों और हर नागरिक को अपनी पूजा पद्धति के पालन की इजाजत है।

गुरुग्राम की घटना बताती है कि कैसे संविधान की मयार्दा का हनन सायास किया जा रहा है और इसमें वो लोग भी शामिल हैं जो खुद को जनप्रतिनिधि मानते हैं। हिंदू-मुस्लिम के बीच इस तरह की सांप्रदायिकता के बीज बोने का सिलसिला केवल गुरुग्राम में ही नहीं है, देश के बाकी हिस्सों में यही कोशिश चल रही है। अभी कुछ समय पहले गृहमंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड में हाईवे पर नमाज का मुद्दा उठाया था। उप्र में केशव प्रसाद मौर्य ने जालीदार टोपी और लुंगी वालों को हटाने वाला बयान दिया और भाजपा के लिए वाहवाही लूटना चाही। इससे पता चलता है कि सांप्रदायिक वैमनस्य बढ़ाना इनका प्रमुख राजनैतिक एजेंडा है और सबका साथ जैसी बातें खोखली हैं। अगर प्रधानमंत्री या उत्तरप्रदेश और हरियाणा में मुख्यमंत्री इन घटनाओं और बयानों पर कड़ी आपत्ति जतलाते और ये कहते कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होना चाहिए, तब तो ये माना जा सकता था कि प्रधानमंत्री वाकई सबको साथ लेकर चलने में यकीन करते हैं। लेकिन उनका मौन इन घटनाओं का समर्थन करते ही दिखता है। देश की सरकार को और जनता को यह नहीं भूलना चाहिए कि पाकिस्तान का निर्माण धर्म के आधार पर हुआ था, जबकि हिंदुस्तान ने तो अपनी पुरानी तहजीब और संस्कारों को ही अपनाने का फैसला किया था। इसलिए यहां हरेक धर्मावलंबी के लिए बराबरी का स्थान सुनिश्चित किया गया। अगर हम भी धर्म आधारित देश बनाने की कोशिश करेंगे तो हमारी खास पहचान गुम हो जाएगी। पाकिस्तान में धार्मिक कट्टरता के कारण लोकतंत्र का कैसा नुकसान हुआ, किस तरह कट्टरपंथियों के आगे सरकारें समर्पण करने मजबूर हुईं, यह भी हमारे सामने ही है। हम बात-बात पर खुद को पाकिस्तान से बेहतर बताते भी हैं, लेकिन यह गर्व हम कब तक कर पाएंगे, इस बारे में भी सोचना होगा। वैसे पाकिस्तान में भी धार्मिक कट्टरता के खिलाफ आवाज उठती रही है। हाल ही में एक श्रीलंका के नागरिक की ईशनिंदा पर भीड़ ने हत्या कर दी। इस दुखद घटना पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान चुप नहीं रहे, बल्कि उन्होंने इसे पाकिस्तान के लिए 'बेहद शर्मनाक दिनबताया, और श्रीलंकाई राष्ट्रपति गोटाभाया राजपक्षे से बात कर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मामले में अब तक कई गिरफ्तारियां भी हो चुकी हैं। पाकिस्तान के राष्ट्रपति, मानवाधिकार मंत्री, कुछेक कलाकारों ने भी इस घटना की निंदा की। वहीं पाकिस्तान की पत्रकार यूसरा असकरी ने इस घटना पर अफसोस जताते हुए ट्वीट में सवाल पूछा है, 'हम क्या हो गए हैं ?इस वक्त भारत में भी नागरिक समाज को यही सवाल खुद से करने की जरूरत है कि हम क्या हो गए हैं।

# काशी विश्वनाथ धाम: हमारी जीवंत विरासत को सम्मान

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 13 दिसंबर को काशी विश्वनाथ धाम का उद्घाटन किया। यह अनूठी परियोजना, काशी जैसे सभ्यता के प्रतीक शहर और ऐतिहासिक काशी विश्वनाथ मंदिर के लिए सर्वथा उपयुक्त है। काशी के महत्व और प्राचीनता के बारे में मार्क ट्वेन ने लिखा था, ररबनारस इतिहास से भी पुराना है, परंपरा से भी पुराना है, पौराणिक कथाओं से भी पुराना है और इन सभी को मिलाने से जितनी प्राचीनता हो सकती है, यह शहर उससे भी दोगुना प्राचीन है। परियोजना के उद्घाटन के साथ, प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व के सबसे प्राचीन जीवित शहरों में से एक और हिंदू धर्म तथा सदियों पुरानी हमारी सभ्यता के केंद्र, काशी या वाराणसी को दुनिया को फिर से समर्पित किया। प्राचीनता और निरंतरता का अद्भुत मिश्रण, काशी पूरी मानवता की धरोहर है। इसे दुनिया का सबसे प्राचीन व एक ऐसा शहर माना जाता है, जो सदियों से लोगों का निवास-स्थान रहा है। जहां दुनिया के अन्य प्राचीन शहर साम्राज्यवादी और औपनिवेशिक हमलों में ध्वस्त हो गए, वहीं काशी अपने विशिष्ट उत्साह के साथ गतिमान है। यह शहर को वास्तव में महत्वपूर्ण और अद्वितीय बनाता है। अपनी निरंतरता के माध्यम से, यह शहर बर्बर आक्रमणों और हमलों के बावजूद अपनी सांस्कृतिक, कलात्मक और शैक्षिक पहचान को बनाए रखने के लिए अपनी दृढ़ सहनशीलता का परिचय देता है। काशी विश्वनाथ धाम, इस शहर पर हुए अत्याचार से भरे अतीत से ऊपर उठने की एक पवित्र प्रतिज्ञा को दर्शाता है। दूसरे शब्दों में, यह इस भूमि की सदियों पुरानी आध्यात्मिक, शैक्षिक और रचनात्मक विरासत को फिर से जीवंत करने का एक विनम्र प्रयास है। इस धाम के रूप में इतिहास ने नया मोड़ लिया है। इतिहास में शायद पहली बार ऐसा हुआ है कि एक हजार साल के अन्याय को, बिना किसी विनाश, लूटपाट या बदले की भावना के, समाप्त करते हुए पहले जैसी स्थिति प्राप्त की गयी है। इसे केवल निर्माण और सृजन के माध्यम से हासिल किया गया है।

काशी को युगों से मुक्ति की नगरी के रूप में जाना जाता रहा है। हर जगह से लोग मुक्ति की खोज में काशी की ओर खिंचे चले आते हैं।

इस वर्ष संविधान दिवस के अवसर पर, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था, भारत और दुनिया के कई देशों के लिए कई पीढ़ियों तक उपनिवेशवाद की बेड़ियों में रहना एक मजबूरी थी। भारत की आजादी के बाद से, पूरी दुनिया में एक उत्तर-औपनिवेशिक काल शुरू हुआ और कई देश आजाद हुए। आज दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है जो किसी दूसरे देश के उपनिवेश के रूप में मौजूद हो। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि औपनिवेशिक मानसिकता का अस्तित्व समाप्त हो गया है।

हालांकि यह परियोजना स्वयं काशी की मुक्ति का उत्सव मनाने का एक प्रयास है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के इस दृष्टिकोण और प्रयासों ने काशी विश्वनाथ मंदिर के सदियों पुराने गौरव को पुनः स्थापित किया है। काशी विश्वनाथ धाम संपूर्ण मानवता के लिए एक परियोजना है क्योंकि यह सभ्यता की निरंतरता का एक उत्सव है। इस दृष्टि से, यह पूरी दुनिया के लिए एक परियोजना है। यह हिंदू देवालय भगवान ब्रह्मा- ब्रह्मांड के रचयिता, भगवान विष्णु- ब्रह्मांड के रक्षक और भगवान शिव - ब्रह्मांड के मुक्तिदाता- की पवित्र त्रिमूर्ति को मान्यता प्रदान

**अनुराग सिंह ठाकुर**

करता है। काशी अत्यधिक श्रद्धा जगाती है क्योंकि यह भगवान शिव के विभिन्न निवासों में से एक है। यही काशी का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। इस वर्ष संविधान दिवस के अवसर पर, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था, ह्लभारत और दुनिया के कई देशों के लिए कई पीढ़ियों तक उपनिवेशवाद की बेड़ियों में रहना एक मजबूरी थी। भारत की आजादी के बाद से, पूरी दुनिया में एक उत्तर-औपनिवेशिक काल शुरू हुआ और कई देश आजाद हुए। आज दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है जो किसी दूसरे देश के उपनिवेश के रूप में मौजूद हो। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि औपनिवेशिक मानसिकता का अस्तित्व समाप्त हो गया है। इसलिए, कई पीढ़ियों तक उपनिवेशवाद झेलने वाली मानवता के लिए यह आवश्यक है कि वह स्वयं को उपनिवेश से मुक्त करे, आजाद हो और फिर से आगे बढ़े। कई अन्य बातों के अलावा, ऐतिहासिक रूप से लूट और विध्वंस उपनिवेशवाद के मुख्य उपकरण और उद्देश्य, साधन एवं साध्य रहे हैं। स्वाभाविक रूप से, धन, ज्ञान और पुरातत्व के खजाने से लैस सभ्यताएं इस किस्म के बर्बर जमाखोरों के लिए प्रमुख आकर्षण थीं। आइए, एक फिर काशी की ओर लौटें। यह पौराणिक प्राचीन शहर लगातार लूटपाट का शिकार रहा है। यहां हुए विध्वंस और विनाश, इस बात के पर्याप्त संकेत देते हैं कि एक समय यह कितना शानदार शहर रहा होगा। यह तथ्य दुनिया भर के संग्रहालयों और निजी संग्रहों में बिखरे पड़े काशी के गौरवशाली पुरावशेषों के नमूनों से भी प्रमाणित होता है। सामान्य रूप से काशी शहर और विशेष रूप से श्री काशी विश्वनाथ मंदिर को अतीत में कई बार ध्वस्त किया गया और इनका पुनर्निर्माण हुआ। प्रारंभ में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर को घुरिद तुर्क सुल्तान कुतुब-उद-दीन ऐबक ने नष्ट किया था और फिर बाद में गुजरात के एक व्यापारी ने इसे पुनर्निर्मित किया था। इस मंदिर के विध्वंस और पुनर्निर्माण की कहानी वर्ष 1780 तक जारी रही, जब एक किंवदंती के अनुसार, भगवान शिव महान मराठा रानी अहिल्याबाई होल्कर के सपने में आए एवं वह भगवान शिव की परम भक्त बन गईं और फिर उन्होंने इस मंदिर का पुनर्निर्माण किया। एक अन्य किंवदंती के अनुसार, इस शहर पर किए गए हमले ने ही महान छत्रपति शिवाजी महाराज को तलवार उठाने के लिए प्रेरित किया था। यह कहा जाता है कि औरंगजेब द्वारा काशी विश्वनाथ मंदिर के विध्वंस ने शिवाजी महाराज की माता जीजाबाई को इतना क्रोधित कर दिया था कि उन्होंने उन्हें मुगल के नियंत्रण वाले एक किले सिंहगढ़ पर कब्जा करने की चुनौती दे डाली। इसके बाद क्या हुआ वह सर्वविदित है। मंदिर परिसर का पुनर्निर्माण न केवल औपनिवेशिक प्रभाव से बाहर निकलने की दिशा में एक और अहम कदम है, बल्कि यह बर्बरता पर सभ्यता की प्रधानता, ज्ञान के केंद्र की पुनर्स्थापना और क्रूरता के स्थान पर श्रद्धा का भाव जागृत होने का भी ठोस प्रतीक है। यह परियोजना पूर्ण सामंजस्य सुनिश्चित करते हुए रचनात्मक दृष्टिकोण के जरिए इन प्रशंसनीय लक्ष्यों को प्राप्त करने का एक अभिनव प्रयास है। यह पूरी मानवता के लिए गहन चिंतन-मनन करने और इसके साथ ही, यदि संभव हो सके, तो अनुसरण करने का भी एक उत्कृष्ट उदाहरण है

# साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर रहेंगे रोहित शर्मा! विराट कोहली नहीं ?बल्कि ये खिलाड़ी बनेगा कप्तान

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम इस समय दक्षिण अफ्रीका दौरे पर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है। इसके बाद टीम को 19 जनवरी से तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। टीम इंडिया के लिमिटेड ओवरों के कप्तान रोहित शर्मा चोट के कारण टेस्ट सीरीज से बाहर हैं और अब ऐसी खबरें है कि वह वनडे सीरीज से भी बाहर ही रहेंगे। वनडे टीम का कप्तान बनने के बाद रोहित को हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था और इस समय वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन कर रहे है। स्पोर्ट्स टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, रोहित अबतक फिट नहीं हुए हैं और इसीलिए साउथ अफ्रीका वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया के ऐलान में देरी हो रही है। सेलेक्शन कमेटी आखिरी वक्त तक व्हाइट बॉल टीम के कप्तान का फिट होने का इंतजार कर रही है।



दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए 30 या 31 दिसंबर को भारतीय टीम का ऐलान हो सकता है। और तब तक अगर रोहित फिट नहीं होते हैं तो उनकी जगह केएल राहुल को वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का कप्तान बनाया जाएगा। इसका मतबल है कि टेस्ट कप्तान विराट कोहली ओपनर राहुल की कप्तानी में वनडे सीरीज में खेलते हुए दिखाई देंगे। राहुल इस समय टेस्ट टीम के उपकप्तान भी हैं।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि रोहित का वनडे सीरीज तक फिट होना मुश्किल है क्योंकि उन्हें हैमस्ट्रिंग इंजरी हुई है। इस चोट को ठीक होने में 4 से 6 हफ्ते तो लगते ही हैं। अब देखना ये है कि रोहित शर्मा कबतक फिट होते हैं। दरअसल, साउथ अफ्रीका दौरे पर रवाना होने से पहले चयनकर्ताओं ने विराट कोहली को वनडे कप्तानी से हटा दिया था। विराट ने टी20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद टी20 कप्तानी छोड़ दी थी और इसके बाद उन्हें वनडे कप्तानी से भी हाथ धोना पड़ा। इससे पहले, ऐसी खबरें आई थी कि रोहित ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम की घोषणा से पहले अपना पहला फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है और वह तीसरे टेस्ट मैच से पहले टीम से जुड़ सकते हैं। रोहित एनसीए में हैं, जहां वह चोट से रिकवर हो रहे हैं। रोहित के अलावा रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल भी एनसीए में रिहैबिलिटेशन कर रहे हैं।

# 4 ओवर में लुटा डाले 70 रन, बना लीग के इतिहास का सबसे महंगा गेंदबाज


**नई दिल्ली।** बिग बैश लीग में 2021-22 के 23वें मैच में सोमवार को मेलबर्न स्टार्स ने ब्रिसबेन हीट को 20 रनों से मात दी। इस मुकाबले में ब्रिसबेन हीट के तेज गेंदबाज लियाम गथरी (छें ऋ्‌ढ३ॅ१ी) काफी महंगे साबित हुए। गथरी ने ऑस्ट्रेलियाई टी20 इतिहास की सबसे खराब गेंदबाजी की और वह लीग के इतिहास के सबसे महंगे गेंदबाज बने। गथरी ने मेलबर्न स्टार्स के खिलाफ 4 ओवर की गेंदबाजी में ही 70 रन लुटा डाले, जोकि न केवल बीबीएल की बल्कि ऑस्ट्रेलियाई टी20 इतिहास के सबसे महंगे गेंदबाज साबित हुए।

24 साल के गथरी ने हालांकि अपने पहले ओवर में शानदार गेंदबाजी की और जो बर्न्स को 2 रन पर बोल्ड कर दिया। लेकिन इसके बाद उन्होंने बेहद ही खराब गेंदबाजी की और 4 ओवर में 7 छक्के लगवा दिए। उन्होंने चार



ओवर में छह वाइड और एक नो बॉल भी डाला। तेज गेंदबाज ने कुल दो विकेट चटकाए। बीबीएल में गथरी से पहले बेन ड्वर्शुइस सबसे महंगे गेंदबाज थे, जिन्होंने 4 ओवर में 61 रन लुटाए थे और उन्हें एक भी सफलता नहीं मिली थी। टी20 क्रिकेट इतिहास में गथरी ने चौथी सबसे महंगी गेंदबाजी की है। टी20 इतिहास में गथरी से पहले, सियालकोट के गेंदबाज सरमाद अनवर थे।

# सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा हुए फिट



**नई दिल्ली।** लिमिटेड ओवरों के भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा दक्षिण अफ्रीका के साथ जारी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं है। हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ जाने के कारण रोहित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन कर रहे है। भारतीय वनडे और टी20 कप्तान की चोट को लेकर अब एक नया अपडेट सामने आया है। रोहित ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम की घोषणा से पहले अपना पहला फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। ऐसी खबरें है कि रोहित अब तीसरे टेस्ट मैच से टीम से जुड़ सकते हैं।

फिट होने के बाद रोहित अब 19 जनवरी से साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज से पहले टीम के साथ जुड़ सकते हैं। अगले कुछ समय में वनडे टीम का ऐलान हो सकता है। रोहित एनसीए में हैं, जहां वह चोट से रिकवर हो रहे हैं। रोहित के अलावा रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल भी एनसीए में रिहैबिलिटेशन कर रहे हैं। इस बीच रोहित ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो पोस्ट किया है, जिसमें वो ट्रेनिंग के मोड में दिखाई दे रहे हैं। लिमिटेड ओवरों के कप्तान ने फोटो के साथ कैप्शन में लिखा, ' रिकवरी मोड।' रोहित को पिछले महीने ही टी20 और वनडे टीम का कप्तान बनाया गया था। वह अभी दक्षिण अफ्रीका के ?साथ जारी टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं हैं। लेकिन वनडे सीरीज में वह टीम की कमान संभाल सकते हैं। भारत को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है।

# पहले टेस्ट मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका के लिए आई बुरी खबर, कोरोना लक्षण दिखने के बाद डुएन ओलिवियर हुए बाहर

**नई दिल्ली।** भारत के साथ सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के बीच दक्षिण अफ्रीका के लिए एक बुरी खबर आई है। मेजबान टीम के तेज गेंदबाज डुएन ओलिवियर को कोरोना के लक्षण दिखने के बाद पहले टेस्ट मैच से बाहर कर दिया गया है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) के चयन संयोजक विक्टर म्पित्सांग ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि ओलिवियर को कोरोना के लक्षण दिखने के कारण पहले टेस्ट से बाहर किया गया। टीम मैनेजमेंट को भरोसा है कि वह तीन जनवरी से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले पूरी तरह फिट हो जाएंगे।

ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, ओलिवियर ने पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के बॉयो बबल में प्रवेश किया था, लेकिन माना जा रहा है कि उनके अंदर कोरोना वायरस के लक्षण दिखे हैं और साथ ही हैमस्ट्रिंग से भी जूझ रहे हैं। ओलिवियर इस साल प्रथम क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 12 से कम की अवश्विसनीय औसत से 28 विकेट लिए हैं। उनकी गैर मौजूदगी में 21 साल के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मार्को यानसन ने पहले टेस्ट में डेब्यू किया।



विक्टर ने कहा, 'ओलिवियर अब अच्छी तरह से स्वस्थ हैं। लेकिन वह कई हफ्ते पहले कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे जिसे उनको कई दिनों तक क्वारंटीन में रहना

# दूसरे दिन का पूरा खेल बारिश में धुला



**सेंचुरियन।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच के दूसरे दिन का खेल पूरी तरह से बारिश में धुल गया। सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट के दूसरे दिन सोमवार को एक भी गेंद नहीं फेंका जा सका। सुबह से ही हल्की बारिश हो रही थी, लेकिन दोपहर तक तेज बारिश होने लगी। दो बार बारिश रुकी और अंपायरों ने जब मैदान का निरीक्षण करने का फैसला किया, तब दोनों की मौकों पर निरीक्षण के समय से ठीक पहले बारिश होने लगी और अंपायरों ने दूसरे दिन का खेल रद्द कर दिया।

सेंचुरियन टेस्ट के दूसरे दिन लगातार बारिश होने के बाद तीसरे दिन मौसम साफ रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, सेंचुरियन में मंगलवार को बारिश नहीं होगी। रिपोर्ट के अनुसार, सेंचुरियन में सोमवार रात तक भारी बारिश होगी, लेकिन मंगलवार आसमान साफ रहने का अनुमान है और बारिश नहीं होगी। अगर आगे भी बारिश होती है तो बल्लेबाजी करना मुश्किल होगा। कल यानि के मंगलवार को मैच के तीसरे दिन खेल अपने निर्धारित समय पर शुरू होगा और तीसरे सेशन में अतिरिक्त आधे घंटे का खेल होगा।

भारत ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक तीन विकेट पर 272 रन बना लिए थे। सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल 248 गेंद में 122 रन जबकि अजिंक्य रहाणे 81 गेंद में 40 रन बनाकर खेल रहे थे। राहुल अबतक 17 चौके और एक छक्का जबकि जबकि रहाणे आठ चौके जड़ चुके हैं। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने 60 रन, कप्तान विराट कोहली ने 35 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से लुंगी एनगिडी ने 45 रन देकर तीनों विकेट चटकाए।

# थानाध्यक्ष और चौकी इंचार्ज का निलम्बन नहीं हुआ तो होगा उग्र आन्दोलन : जयप्रकाश

## हिन्दूवादी संगठनों ने थानाध्यक्ष पर लगाया ढिलाई का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**किशनी।** नगला वख्ती में शनिवार को हुये बलबे के बाद मामला गमार्ता दिख रहा है। हिन्दू संगठनों ने थाना पुलिस पर एसपी को गलत रिपोर्ट करने तथा मौके पर पर्याप्त फोर्स न भेजने का आरोप भी लगाया है।

क्षेत्र के गांव नगला वख्ती में धर्मांतरण की सूचना पर पहुंची पुलिस तथा हिन्दूवादी संगठनों पर पत्थरबाजी,फायरिंग तथा खौलता हुआ तेल फैंकने की घटना के बाद देर सांय सभी संगठनों के पदाधिकारीगण थाने पहुंचे। वहां पर सभी ने पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न उठाये और थानाध्यक्ष तथा चैकी इंचार्ज के निलम्बन की मांग की। हिन्दू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि वह रविवार को एसपी से मिलने गये थे पर वह छुट्टी पर होने के कारण उनसे नहीं मिल सके। सोमवार को वह दुबारा अपने सारे संगठनों के जिलाध्यक्षों के साथ जाकर एसपी से मिलेंगे और थानाध्यक्ष धर्मेंद्र तथा चौकी इंचार्ज के निलम्बन की मांग करेंगे। उनकी मांगों पर यदि कार्यवाही न की गई तो सारे संगठन जिनमें आरएसएस हिन्दू जागरण मंच विश्व हिन्दू परिषद तथा बजरंगदल आदि शामिल है उग्र आन्दोलन करने को बाध्य होंगे।

जयप्रकाश चैहान ने दूरभाष पर बात करते हुये शंका ब्यक्त की कि नगला वख्ती में वर्षो से चल रहे धमार्न्तरण के खेल के बारे में पुलिस को क्या पता नहीं था। उन्होंने कहा कि उनका संगठन हिन्दुओं को एक रखने तथा लालच और बरगला कर धर्म परिवर्तन करने बालों को समझाकर सनातन संस्कृति को अपनाने की राय देता है। शनिवार को भी वह पुलिस के साथ यही करने गये थे। वह कुछ कह भी न पाये थे कि ईसाई मिशनरी चलाने बालों के इशारे पर उनपर जानलेवा हमला किया गया। उन्होंने कहा कि इससे भी खतरनाक बात यह है कि जब उनके सहयोगियों को उग्र भीड ने बंधक बना लिया तो उन्होंने थानाध्यक्ष से मदद मांगी। इसके बाद थानाध्यक्ष ने उनसे कहा कि वहां कुछ भी नहीं हुआ और उल्टा उनपर ही नाटक करबाने का आरोप मढ दिया। उन्होंने कहा कि यदि थानाध्यक्ष ने पर्याप्य पुलिस बल भेजा होता तो यह घटना घटित न होती। उन्होंने पुलिस पर मामले की लीपापोती का आरोप लगाया। उन्होंने मांग की कि आरोपियों के खिलाफ जल्दी ही सुसंगत धाराओं में मुकद्दमा दर्ज किया जाय तथा जेल भेजा जाय। उन्होंने सलाह दी कि पुलिस के पास सारे वीडियो भी उपलब्ध हैं। वीडियो के माध्यम से वह आरोपियों को आसानी से पहिचान सकते है।

# नहरों तथा माइनरों को इटावा प्रखण्ड से अलग कर जनपद से सम्बद्ध करने की उठी मांग

**अखंड भारत संदेश**

किशनी 'समान से होकर गुजरने बाली गांगसी रजवहे से निकलकर किशनी होकर रठेह की सीमा तक किसानों की हजारों बीघा जमीन को सींचने बाली किशनी माइनर अब किसानों के लिये अभिशाप बनती जा रही है।किशनी माइनर की पटरी गांव समदपुर के पास कट जाने से जहां सैकडों बीघा फसल जलमग्न होगई वहीं पटरी के कट जाने से भी लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है। गौरतलब है कि उक्त माइनर को पक्का किया गया था जिसमें अधिकारियों ठेकेदार से मिलकर जमकर मानकों के साथ खिलबाड किया था और अधिकांश रकम जेबों के हवाले करली गई थी। किसानों ने उस समय भी काफी होहल्ला किया था पर कुछ भी नहीं किया गया। इसी के चलते कमजोर पटरी पानी का तनाव होते ही कट जाती है। जिससे किसानों के साथ साथ राहगीर भी परेशान होते है। गांव समदपुर के पास भी यही हुआ है। वहां की पटरी कई मीटर तक कट कर वह गई। इससे किसानों की सैकडों बीघा फसल का नुकसान तो हुआ ही अब राहगीर भी परेशान हो रहे है। किसानों ने सिंचाई बिभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर डीएम से मांग की है कि जनपद की सीमाओं में प्रवाहित हो रही नहरों तथा माइनरों की देखभाल की जिम्मेदारी जनपद के सिंचाई बिभाग को दी जाय।

## भारत और पाकिस्तान धमाकेदार जीत के साथ सेमीफाइनल में, फाइनल में हो सकती है एक और भिड़ंत

**नई दिल्ली** भारत ने यूएई में जारी अंडर-19 एशिया कप में अफगानिस्तान को सोमवार को 4 विकेट से हरा दिया। भारत की टूनामेंट में तीन मैचों में यह दूसरी जीत है और इसके साथ ही उसने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। भारत ने अपने पहले मैच में यूएई को 154 रन से करारी शिकस्त दी थी जबकि दूसरे मैच में उसे पाकिस्तान से दो विकेट से हार मिली थी। तीन मैचों के बाद भारत के ग्रुप ए में अब 6 अंक हो गए हैं और उसने आराम से सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है।उधर पाकिस्तान ने भी सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। सेमीफाइनल में अगर भारत और पाकिस्तान अपने-अपने मुकाबले जीतती है तो वे फिर से फाइनल में एक-दूसरे के खिलाफ भिड़ सकती है।

## पहले टेस्ट मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका के लिए आई बुरी खबर बाहर

**नई दिल्ली।** भारत के साथ सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के बीच दक्षिण अफ्रीका के लिए एक बुरी खबर आई है। मेजबान टीम के तेज गेंदबाज डुएन ओलिवियर को कोरोना के लक्षण दिखने के बाद पहले टेस्ट मैच से बाहर कर दिया गया है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) के चयन संयोजक विक्टर म्पित्सांग ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि ओलिवियर को कोरोना के लक्षण दिखने के कारण पहले टेस्ट से बाहर किया गया। टीम मैनेजमेंट को भरोसा है कि वह तीन जनवरी से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले पूरी तरह फिट हो जाएंगे।

ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, ओलिवियर ने पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के बॉयो बबल में प्रवेश किया था, लेकिन माना जा रहा है कि उनके अंदर कोरोना वायरस के लक्षण दिखे हैं और साथ ही हैमस्ट्रिंग से भी जूझ रहे हैं। ओलिवियर इस साल प्रथम क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 12 से कम की अवश्विसनीय औसत से 28 विकेट लिए हैं। उनकी गैर मौजूदगी में 21 साल के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मार्को यानसन ने पहले टेस्ट में डेब्यू किया। विक्टर ने कहा, 'ओलिवियर अब अच्छी तरह से स्वस्थ हैं। लेकिन वह कई हफ्ते पहले कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे, जिसे उनको कई दिनों तक क्वारंटीन में रहना पड़ा था।

# काफी समय से चल रहा है धमान्तरण का कार्य

**अखंड भारत संदेश**

**किशनी।** हिन्दुओं को जिनमें गरीब अशिक्षित तथा भोलेभाले लोग शामिल हैं को मिशनरी चलाने बाले प्रशिक्षित लोग आसानी से अपना शिकार बना लेते है। उनके व्रेन को वाश कर उन्हैं बताया जाता है कि ईशामसीह ही उनके बिगडे काम बना सकते है। भण्डारा खा कर गांव अहिमलपुर निवासी अरबिन्द पाण्डेय ने स्वीकार किया था कि जब से वह यहां पर आने शुरू हुये हैं उनके पास इतना पैसा आगया कि उनके घर पर दो दो सवमसिर्वल लग गई तथा एक रायफल भी खरीद ली। प्रयागराज के थाना सराय अमरेज गांव बस्ती निवासी शिवम पाण्डेय ने बताया कि उनकी गाडियां टकरा जातीं है। काफी नुकसान हो रहा है।

उन्हैं बताया कि बाबा से मिल लो तो उनके सारे संकट दूर हो जायेंगे। एक ब्यक्ति ने बताया कि उसका केंसर ईसामसीह ने ने ठीक कर दिया। इक्कीसवीं शदी में भी इस प्रकार के अंधविश्वास और झांसारामों के चक्कर में आकर लोग परेशान होते हैं तथा अपनी कमाई बाबाओं पर लुटाते है। प्रशासन को चाहिये कि एसे अंधविश्वास फैलाने बालों तथा लालच देकर धर्मांतरण कराने बालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करे। गौरतलब है कि उक्त बाबा ने अपना जाल कुछ समय पूर्व गांव अहिमलपुर में भी फैलाया था। पर कुछ जागरूक ग्रामीणों ने बेबर पुलिस की मदद से उसे वहां से भगा दिया '

# धर्मांतरण मामले में राजनीति शुरू,बसपा ने भी मारी एंट्री

## दलितों पर मुकदमे को बताया ज्यादती उच्चाधिकारियों से मिलेंगे

**अखंड भारत संदेश**

किशनी। बसपा जिलाध्यक्ष सुनील वर्मा ने नगला बख्ती गांव पहुंचकर वहाँ लोगों से जानकारी जुटाई।ग्रामीणों से जानकारी जुटाने के बाद सीधे थाने पहुंचे और थानाध्यक्ष से बात की।मुख्य सेक्टर प्रभारी डॉ.रामऔतार ने कहा कि 25 वर्षों से चल रहे भंडारे में हिंदू जागरण मंच के लोगों ने व्यवधान डाला है माहौल बिगाड़ने की कोशिश की है जो घोर निंदनीय है।एक ओर से झूठी रिपोर्ट दर्ज की गई है जबकि ज्यादती नगला बख्ती के लोगों के साथ हुई है।

आगरा मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी ब्रजेश ने कहा कि जब रिपोर्ट उनकी दर्ज हुई है तो नगला बख्ती के लोगों की भी रिपोर्ट दर्ज की जाए या लिखाई गयी झूठी रिपोर्ट समाप्त की जाए।भंडारे में बिना निमंत्रण के पहुंचे लोगो के विरुद्ध कार्यवाही की जानी चाहिए।अब वह चुप नही बैठेंगे अपने उच्च स्तरीय नेताओं को सारी घटना बताकर इस मामले को लेकर वह डीएम व एसपी से मिलेंगे।थानाध्यक्ष ने बसपा नेताओ से कहा कि मामले की जांच चल रही है जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्यवाही की जाएगी।इस मौके पर डॉक्टर रामौतार,संजय सिंह,पीसी शाक्य,जिला संयोजक दीपू मिश्रा,सभासद किशनी जितेंद्र कुमार,ब्रजेश कुमार,अनार सिंह दिवाकर,राजबहादुर आदि लोग मौजूद रहे।

## कानपुर मेट्रो का शुभारंभ आज, स्कूली बच्चे मुफ्त में करेंगे सफर, सारी तैयारियां पूरी

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को कानपुर मेट्रो का शुभारंभ करेंगे। वह खुद आईआईटी से गीता नगर स्टेशन तक मेट्रो से सफर करेंगे। हालांकि वह ट्रेन को हरी झंडी निराला नगर ग्राउंड से दिखाएंगे। इसके साथ ही निजी पब्लिक स्कूल और कटरी शंकरपुर सराय के स्कूली बच्चों को लेकर ट्रेन आईआईटी से मोतीझील के लिए रवाना हो जाएगी।



मोदी नए साल से तीन दिन पहले शहरवासियों को मेट्रो का तोहफा देंगे। इस दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन के लिए सभी नौ मेट्रो स्टेशनों समेत ट्रेन को भी दुल्हन की तरह सजाया गया है। गीता नगर से प्रधानमंत्री के जाने के बाद ही स्कूली बच्चों को मेट्रो ट्रेन तक लाया जाएगा। आईआईटी से मोतीझील तक सभी स्टेशनों की सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। प्रधानमंत्री को लेकर जो मेट्रो ट्रेन रवाना होगी उसमें महिला पायलट होंगी। पूरी ट्रेन की निगरानी डिपो के कंट्रोल रूम से होगी। हर स्टेशन पर ट्रेन को पास कराया जाता रहेगा। पीएम जब बैठे होंगे तो यह ट्रेन आईआईटी के बाद बीच में कहीं नहीं रुकेगी।

### शाह के बयान पर अखिलेश ने किया पलटवार

## भाजपा सहित किसी के बस की बात नहीं राम मंदिर निर्माण को रोकना....

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर का निर्माण सुप्रीम कोर्ट के फैसले से हो रहा है। इसको रोकने का भाजपा सहित किसी के बस की बात नहीं है, फिर भी इस संबंध में भाजपा के बड़े नेता अनर्गल बयानबाजी करते नजर आते हैं। अखिलेश का निशाना गृहमंत्री अमित शाह पर था। अखिलेश ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि भाजपा झूठ, अफवाह, नफरत और धोखे की राजनीति से बाज नहीं आ रही है। सौ झूठ-सौ नेता, बार-बार बोलकर भाजपा सत्य को मारने की रणनीति पर काम कर रही है।



केंद्र से लेकर राज्य की दोनों डबल इंजन सरकारें इसी षड्यंत्रकारी रीतिनीति पर चल रही है। जनता में बढ़ते आक्रोश के चलते भाजपा को अब यह विश्वास होने लगा है कि वह चाहे लाख अनैतिक हथकंडे अपना ले राज्य की सत्ता में उसकी वापसी की उम्मीद नहीं रह गई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपने विकास काम नहीं गिना सकती, इसलिए वह जनता की आंख में धूल झोंकने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा अब दुबारा सत्ता में आने का ख्वाब देखना छोड़ दे, क्योंकि लोगों ने समाजवादी पार्टी को ही अब सत्ता में लाने का फैसला कर लिया है। भाजपा की तरह समाजवादी पार्टी अनर्गल बयानबाजी करने और साजिशें रचने में विश्वास नहीं करती है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का विजन है कि बिजली के कारखाने लगे, ट्रांसमिशन लाइन बने, डिस्ट्रीब्यूशन बेहतर हो, सोलर इनर्जी बढ़ाई जाए, पानी का इंतजाम हो, नदियां साफ हो और हॉस्पिटल बनाए जाए। पढ़ाई-दवाई मुफ्त हो और सामाजिक न्याय के लिए जातीय जनगणना के द्वारा सानुपातिक प्रतिनिधित्व की व्यवस्था हो। समाजवादी सरकार में ही कानून का राज स्थापित हो सकेगा। किसानों के साथ हो रहे अन्याय से मुक्ति मिलेगी।

## सीएम योगी बोले, अब समझ में आया कि बुआ-बबुआ नोटबंदी का विरोध क्यों करते हैं

**लखनऊ।** गरीबों के आवास का पैसा, बिजली का पैसा और अन्न का पैसा कहा जाता था। हमने शास्त्रों में पढ़ा है कि दीपावली के दिन लक्ष्मी घर आती है। लेकिन इन पापियों ने तो दीवारों में गरीबों का पैसा बंद करके रखा है। सपाइयों के यहां दीवारों में से नोटों की गड्डियां निकल रही हैं। तीन दिन से नोट गिने जा रहे हैं। समाजवादी बबुआ अब जनता के सामने अपना चेहरा नहीं दिखा पा रहे हैं। अब समझ में आया कि बुआ-बबुआ नोटबंदी का विरोध क्यों कर रहे थे। जनपद सीतापुर में 116 करोड़ रुपये की 83 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा-बसपा पर बड़ा हमला बोला।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा सरकार में सीतापुर के लिए पांच वर्ष में 18 हजार आवास मंजूर हुए थे। लेकिन हमारी सरकार ने साढ़े चार वर्ष के दौरान सीतापुर में दो लाख से ज्यादा आवास गरीबों को दिए हैं। सात लाख परिवारों को शौचालय उपलब्ध कराया है। यह डबल इंजन सरकार का कमाल है। उन्होंने कहा कि पहले आवास गरीबों को नहीं मिल पाते थे, यह पैसा कहां जाता था, बिजली का पैसा कहां जाता था। हमने शास्त्रों में पढ़ा और किवदंतियों में सुना है कि दीपावली के दिन देवी लक्ष्मी आती हैं। लेकिन इन पापियों ने तो दीवालों में बंद करके रखा है। आपने देखा कि सपाईयों के यहां दीवालों में नोटों की गड्डियां निकल रही हैं। तीन दिन से अधिकारी नोट गिनते गिनते थक चुके हैं। यह वह लोग हैं कि जो गरीबों को योजना से वंचित करते थे, जो राशन गरीबों को मिलना चाहिए था वह यह हजम कर जाते थे। अब यही राशन गरीबों को दो वर्ष से लगातार दिया जा रहा है। अगर सपा सरकार में यह योजना आती तो चाचा-भतीजे में लूट मच गई होती और गरीब यह देखता रह जाता।

उन्होंने कहा कि 2017 से पहले बिजली नहीं मिलती थी अब मिल रही है और अब जाएगी भी नहीं। सपा को घेरे में लेते हुए उन्होंने कहा कि सपा सरकार में जब नियुक्ति निकलती तो महाभारत काल के मामा, चाचा, काका सभी निकल पड़ते थे वसूली के लिए। लेकिन हमारी सरकार ने बिना भ्रष्टाचार और बिना लेन-देन के नौजवानों को पांच लाख नौकरी देने का काम किया जा रहा है। अगर कहीं कोई भ्रष्टाचारी का पता चला तो उन्हे जेल भेजने का काम किया गया है। उन्होंने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए बताया कि अब तो बबुआ को नई परेशानी हो गई है कि प्रदेश के नौजवानों को टैबलेट और स्मार्टफोन क्यों दिया जा रहा है। यह समाजवाद खानदान कैसे बर्दाश्त कर सकता है। क्योंकि इनके लिए परिवार ही प्रदेश है और हमारे लिए प्रदेश ही परिवार है। जब हम लोग 2017 में चुनाव प्रचार के लिए निकलते थे तो लोग कहते थे कि इस नरक से हम लोग कैसे बचेंगे। उन्होंने कहा कि क्या आज कोई बेटी को छेड़ने का दुस्साहस करेगा। उस दुशासन और दुर्योधन को मालूम होगा कि पहले महाभारत के लिए श्रीकृष्ण ने युद्ध किया था। लेकिन अब तो जिन बेटियों को मैंने पुलिस में भर्ती किया है वही महाभारत रचा देंगी। पहले रामभक्तों पर गोली मारी जाती थी। अब भव्य राममंदिर का निर्माण किया जा रहा है। काशी में श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का निर्माण कराया जा चुका है।

## यूपी चुनावः अमित शाह एक मंच से छह विधानसभा क्षेत्रों में भरेंगे जोश

**लखनऊ।** केंद्रीय गृहमंत्री अमितशाह जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों के भाजपा कार्यकताओं में 30 दिसंबर को एक ही मंच से जोश भरेंगे। जन विश्वास यात्रा के लिए पार्टी नेताओं को भीड़ जुटाने के लिए लक्ष्य दे दिया है। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह समेत संगठन के पदाधिकारियों ने ताकत झोंक दी है। टिकट चाहने वालों ने भी अपने समर्थकों की भीड़ जुटाने के लिए जतन करने शुरू कर दिए हैं। जनविश्वास यात्रा 30 दिसंबर को मुरादाबाद पहुंचेगी। इस यात्रा के दौरान ही मुरादाबाद के बुद्धि विहार में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा प्रस्तावित की गई है। मुरादाबाद के जिस मैदान से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह संबोधित करेंगे इसी स्थान पर पूर्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जनसभा में संबोधित कर चुके हैं। जनसभा की तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो चुकी हैं। मुरादाबाद महानगर के 10 और जिले के 16 समेत सभी 26 मंडलों के पदाधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी तय है। सभी भाजपा पार्षदों से भी भीड़



जुटाने को कहा गया है। गृह मंत्री अमित शाह का पहले रोड शो का प्लान था इसे फिलहाल रद कर दिया गया है।

प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह ने जनसभा को सफल बनाने के लिए ताकत से जुटाने को कहा है। भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा समेत जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह और महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा ने भी अपने संगठन के स्तर से ताकत झोंक दी है। ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद सर्वेश सिंह, महानगर में विधायक रितेश गुप्ता, कांठ में राजेश चुन्नू भी भीड़ जुटाने की कवायद में जुटे हैं। वहीं बिलारी, कुंदरकी और मुरादाबाद देहात से टिकट चाहने वालों ने भी अपने समर्थकों तक संदेश पहुंचाना शुरू कर दिया है। इस रैली में विधानसभा क्षेत्रों से आने वाली भीड़ भी नेताओं का कद तय करेगी। इस वजह से टिकट चाहने वाले ज्यादा ताकत लगा रहे हैं।

### ओमिक्रॉन ने बजाई खतरे की घंटी, केरल ने लगा नाइट कर्फ्यू

**तिरुवनन्तपुरम।** कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन के चलते नाइट कर्फ्यू लगाने वाले राज्यों में अब केरल का नाम भी जुड़ गया है। राज्य सरकार ने रात 10 बजे से सुबह 5 बजे के बीच कर्फ्यू लगाया जो 30 दिसंबर को लागू होगा और 2 जनवरी तक लागू रहेगा। नए प्रतिबंधों ने प्रभावी रूप से देर रात नए साल के जश्न पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। राज्य सरकार ने रात 10 बजे से सुबह 5 बजे के बीच नाइट कर्फ्यू लगाने का फैसला किया। ये नाइट कर्फ्यू 30 दिसंबर को लागू होगा और 2 जनवरी तक लागू रहेगा ये प्रतिबंध खासतौर से नए साल को देखते हुए लगाए हैं। यानी अब केरल में भी नए साल के जश्न पर पाबंदी लग गई है। केरल में सोमवार को 1,636 नए मामले सामने आए। इसी के साथ राज्य में कोरोना वायरस के कुल मामले 52,24,929 हो गए हैं। एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया ह।

## यूपी में बड़ी जीत का केशव मौर्य का दावा, बोले-इखढ को इस बार मिलेंगीअधिक सीटें



**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 2022 के विधानसभा चुनाव में 2017 के चुनाव की तुलना में बड़ी जीत दर्ज करेगी। भाजपा की ₹जन विश्वास यात्रा₹ में यहां आए उपमुख्यमंत्री मौर्य ने 'पीटीआई-भाषासे कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा 60 प्रतिशत से अधिक वोटों के साथ 300 से अधिक सीटें जीतेगी। उल्लेखनीय है कि 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों में करीब 40 फीसदी वोटों के साथ 312 सीटें जीती थीं और 13 सीटें भाजपा की सहयोगी पार्टियों को मिली थीं। मौर्य ने यह भी दावा किया कि उनकी पार्टी इस बार बदायूं में छक्का लगाएगी। उल्लेखनीय है कि बदायूं जिले में विधानसभा की छह सीटें हैं जिनमें पिछले चुनाव में भाजपा को पांच सीटों पर जीत मिली थी। मौर्य ने ये सभी छह सीटों पर जीत का दावा किया।

इस सवाल पर कि कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए राज्य में लगाया गया रात का कर्फ्यू कितना प्रभावी है, मौर्य ने कहा, ''हम जितना भी सावधानी बरत सकते हैं उतनी बरतनी चाहिए, इसको लेकर किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। सावधानी रखनी चाहिए, बचाव करना चाहिए। मुझे पूरा विश्वास है देश ने कोविड-19 संकट से जिस तरह पहले निजात पाया, उसी तरह इस संकट से भी हम लोग निपटने में सक्षम होंगे।'जब उनसे इसको लेकर सवाल किया गया कि सरकार का निर्णय आ गया है कि शादी समारोह में 200 लोग आएं लेकिन रैली के लिए अभी तक कोई कोरोना प्रोटोकॉल नहीं आया है, उन्होंने कहा कि लोगों को सावधानी के साथ, बचाव के साथ आने के लिए कहा गया है।


**अखंड भारत संदेश** के लिए (स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति) क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूसी प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित एवं विपिन इंटरप्राइजेज 1/6C माधवकुंज, कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति पी.आर.बी .एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदाई। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

UPHIN 29506




## रात में कर्फ्यू लगाना और दिन में रैलियों में लाखों लोग बुलाना समझ से परे : वरुण गांधी

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद वरुण गांधी ने बढ़ते कोरोना संक्रमण के कारण रात के कर्फ्यू की प्रासंगिकता पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि रात में कर्फ्यू लगाना और दिन में रैलियों में लाखों लोगों को बुलाना यह सामान्य जनमानस की समझ से परे है। उन्होंने सोमवार को ट्वीट किया कि रात में कर्फ्यू लगाना और दिन में रैलियों में लाखों लोगों को बुलाना यह सामान्य जनमानस की समझ से परे है। वरुण गांधी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सीमित स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के मद्देनजर हमें इमानदारी से यह तय करना पड़ेगा कि हमारी प्राथमिकता भयावह ओमीक्रोन के प्रसार को रोकना है अथवा चुनावी शक्ति प्रदर्शन। गौरतलब है कि 2022 में होने वाले यूपी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा और समाजवादी पार्टी (सपा) समेत अन्य विपक्षी दल रैलियों और यात्राओं के जरिये जोर शोर से प्रचार में जुटे हुये है।

### किसानों का लोन माफ करेगी राजस्थान सरकार !

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को कहा कि वह किसानों के कर्जमाफी के अपने वादे को पूरा करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीयकृत बैंकों के फसल ऋण माफी के लिए एकमुश्त कर्ज माफी योजना लाकर गरीब किसानों को राहत देने का प्रस्ताव बैंकों को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव को लागू कर राष्ट्रीयकृत बैंक किसानों की कर्जमाफी में राज्य सरकार को आवश्यक सहयोग दें। गहलोत राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की 151 बैठक और नाबार्ड की राजस्थान राज्य स्तरीय ऋण संगोष्ठी को ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे। गहलोत ने कहा कि हाल ही में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा शुरू की गई एकमुश्त ऋण माफी योजना में, एनपीए के रूप में वगीकृत कृषि ऋणों को माफ कर दिया गया है।

### अमेरिका-ईरान के बीच सुलह कराने में जुटे हैं बड़े देश

**नई दिल्ली।** ईरान और अमेरिका के बीच 2015 न्यूक्लियर डील पर सहमति के लिए जेसीपीओए सदस्य देशों के बीच दोबारा वार्ता शुरू. सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य और जर्मनी के राजनयिक ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में मध्यस्थता प्रयास कर रहे हैं.ईरान के परमाणु कार्यक्रम के भविष्य पर चल रही अंतरराष्ट्रीय वार्ता क्रिसमस की छुट्टियों के बाद दोबारा शुरू हुई है. वाताकार 2015 के परमाणु समझौते पर ईरान और अमेरिका के बीच फिर से सहमति बनाने की कोशिश कर रहे हैं. इसका लक्ष्य ईरान को अपना परमाणु कार्यक्रम रोकने के लिए मनाना है. ईरान बदले आर्थिक प्रतिबंधों को हटाने की मांग कर रहा है. इसके लिए जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, रूस और चीन के कूटनीतिज्ञ मध्यस्थता का प्रयास कर रहे हैं. पश्चिमी देशों के वाताकारों का कहना है कि समझौते पर सहमति बनाने के लिए कुछ ही हफ्तों का समय बचा है.

## बाहरी बता केजरीवाल पर बरसे उट चन्नी, कहा- पंजाबियों को हल्के में नहीं लेना चाहिए

**लुधियाना।** पंजाब के सीएम चरणजीत सिंह चन्नी ने सोमवार को कहा कि आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल को पंजाबियों को हल्के में नहीं लेना चाहिए। चन्नी ने कहा कि उन्हें यह समझना चाहिए कि वे अपने राज्य का नेतृत्व करने में सक्षम हैं और उनके जैसे 'बाहरी' की जरूरत नहीं है। चन्नी ने यह बात खन्ना के पास रोहनो कलां गांव के अपने दौरे के दौरान कही। उन्होंने कहा कि प्राउड पंजाबी कभी केजरीवाल जैसे बाहरी व्यक्ति को अपने ऊपर शासन नहीं करने देंगे। चन्नी ने कहा कि उनकी सरकार आम आदमी के एजेंडे को लागू कर रही है जबकि केजरीवाल जैसे लोग दिल्ली में आम आदमी की भलाई के लिए काम करने के बजाय पंजाब के लोगों को चांद का वादा कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि केजरीवाल पंजाब के लोगों के सामने झूठ का पुलिंदा फैलाने में माहिर हैं। चन्नी ने कहा यह वही केजरीवाल हैं, जिन्होंने 2017 के पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले गारंटी दी थी कि वह (शिअद नेता) बिक्रम सिंह मजीठिया को ड्रग माफिया के साथ संबंधों के लिए सलाखों के पीछे डाल देंगे। चन्नी ने आगे कहा कि और जब आप पंजाब में सरकार बनाने में विफल रही, तो उसी केजरीवाल ने अदालत में मजीठिया से बिना शर्त माफी मांगी, वह पार्टी के लेटरहेड पर। चन्नी ने कहा कि जिन परिवारों ने नशे की वजह से अपने बेटों को खो दिया है, वे केजरीवाल को कभी माफ नहीं करेंगे।

## अब देश के बाहर भी हथियार बनाएंगी भारतीय कंपनियां, रूस के साथ हो सकता है करार

**नईदिल्ली।** भारत और रूस के बीच इसी महीने की शुरूआत में हुए 2+2 डायलॉग में देश से बाहर हथियारों के निर्माण को लेकर सहमति बनी है। इसे लेकर कोई करार नहीं हुआ है, लेकिन दोनों देशों के बीच नॉन-पेपर एक्सचेंज हुआ है। इसके तहत सेंट्रल एशिया के देशों कजाखस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान में हथियारों के उत्पादन का प्रस्ताव है। यह उत्पादन इन देशों में स्थित सोवियत काल की फैक्ट्रियों में ही किया जाएगा। इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों देशों के बीच इसे लेकर सहमति बनी है और आने वाले दिनों में इस प्रस्ताव पर आगे बढ़ सकते हैं। बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी सेंट्रल एशिया के देशों को भारत के विस्तृत



पड़ोसियों को दर्जा देते रहे हैं। हाल ही में इन देशों के विदेश मंत्रियों की मीटिंग भी दिल्ली में बुलाई गई थी।

इस बैठक में अफगानिस्तान को लेकर चर्चा हुई थी, जिसे लेकर कहा जा रहा है कि भारत एक बार फिर से अपनी पैठ पड़ोसी मुल्क में मजबूत करने की स्थिति में आ गया है। अब यदि सेंट्रल एशिया के देशों में भारत हथियारों के उत्पादन का काम करता है तो यह बड़ी सफलता होगी। इसकी वजह यह है कि भारत लंबे समय से हथियारों के आयातकर्ता की बजाय एक्सपोर्टर बनना चाहता है, इस लिहाज से सेंट्रल एशिया के देशों में हथियार उत्पादन बड़ी सफलता होगी। सेंट्रल एशिया के ज्यादातर देशों में रूस के ही हथियारों का इस्तेमाल होता है। अब यहां की सोवियत काल की फैक्ट्रियों में भारत के साथ मिलकर रूस हथियारों का उत्पादन करेगा। कहा जा रहा है कि यहां बने हथियारों को सेंट्रल एशिया के देशों को दिया जाएगा। इसके अलावा भारत की जरूरतें भी पूरी हो सकेंगी। दशकों से भारतीय सेना में भी रूस के बने कई हथियारों, मिलिट्री वाहनों और अन्य उपकरणों का इस्तेमाल किया जाता रहा है। हथियारों के निर्यातक देश बनने की दिशा में भारत के लिए यह अहम कदम होगा। इसके साथ ही भारत को सेंट्रल एशिया के मुस्लिम बहुल देशों में अपनी पैठ मजबूत करने में मदद मिलेगी। इससे अफगानिस्तान में भी भारत मजबूत स्थिति में आ सकेगा। रूस के जरिए अफगानिस्तान में भारत की एंट्री पाकिस्तान को भी चिढ़ाने वाली होगी।